






# तेलीबांधा थाना से एयरपोर्ट रोड तक ट्रैफिक जाम कुशालपुर चौक पर ब्रिज के पास फंसती हैं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

शहर के तेलीबांधा थाना से एयरपोर्ट रोड पर रोजाना जाम से लोग परेशान हैं। रोज सुबह-शाम इस मार्ग पर आने-जाने वाले ट्रैफिक जाम से जूझते हुए अपने गंतव्य तक किसी तरह पहुंचते हैं। तेलीबांधा थाना के सामने वाली सर्विस रोड को महीनों से बंद कर दिया गया है। नेशनल हाईवे रोड होने के कारण तेलीबांधा चौक से 24 घंटे बड़ी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। पीक ऑवर यानी शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक गाड़ियों का सबसे ज्यादा दबाव यहां रहता है। इधर पचपेड़ी नाका चौक और कुशालपुर ब्रिज के पास आए दिन गाड़ियां फंसने से लोग त्रस्त हैं।

राजधानी के तेलीबांधा थाना चौक से मैग्नेटो मॉल तक लंबा जाम लगने से कई बार सड़क हादसा की स्थिति बन रही है। गाड़ियों का रेला ऐसा उमड़ता है कि आने-जाने वालों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। शादी के सीजन में यहां लंबा जाम देखा जा सकता है। तब इस मार्ग पर गाड़ियां सरकने की जगह रेंगती नजर आती हैं। नेशनल हाईवे की इस सड़क पर एक दिन में हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं। तेलीबांधा से वीआईपी रोड होते राम मंदिर का हिस्सा इससे ज्यादा प्रभावित है।

### सबसे ज्यादा और बड़े मैरिज हॉल, हॉटल इसी मार्ग पर

शादी के सीजन में सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को इस मार्ग पर आने-जाने पर होती है। परिवार के साथ समारोह में शामिल होना हो या किसी परिजन को एयरपोर्ट तक छोड़ना या पिकप करना हो, तो ट्रैफिक जाम में फंसना तय है। सूत्रों के मुताबिक सबसे ज्यादा और बड़े मैरिज हॉल, सामाजिक भवन और हॉटल इसी रोड पर हैं। इस वजह से भी यहां ट्रैफिक जाम लगता है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ती है।

### जाम से बचाने वी शेप का फ्लाईओवर बनेगा

आम जनता को इस मार्ग पर ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने लोक निर्माण विभाग 3 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाने जा रहा है। वी शेप का यह फ्लाईओवर करीब 500 करोड़ की लागत से प्रस्तावित है। टाटीबंध से आरंग की तरफ और आरंग से टाटीबंध की तरफ जाने वाले वाहन तेलीबांधा तिराहे पर ट्रैफिक जाम में नहीं फंसेंगे। रायपुर शहर की ओर वाहन फ्लाईओवर के ऊपर से सीधे तेलीबांधा थाना के सामने उतरेंगे, जबकि वीआईपी रोड की तरफ जाने वाले वाहन फ्लाईओवर के नीचे से होकर गुजरेंगे। एक्सप्रेस वे के ओवरब्रिज से शुरू होकर जोरा के पास कृषि विश्वविद्यालय कालोनी के पास यह समाप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

**रायपुर।** नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मनीष राठौर निवासी करमदा बलौदा जिला जांजगीर-चांपा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दामोदर प्रधान ने सीपत स्थित एनटीपीसी में जूनियर इंजीनीयिर के पद पर नौकरी दिलाने के लिए उससे डेढ़ लाख रुपए लिए थे। पैसे लेने के बाद न ही उसके द्वारा नौकरी लगवाई गई और न ही रुपए वापस लौटाए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### दूल्हे और उसकी बहन से मारपीट, 3 पर केस दर्ज

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मारपीट मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी कुलदीप साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 जुलाई को रात 7 बजे उसकी शादी की बारात निकली थी। बारात जब ग्राम तुलसी (बाराडेरा) मिडिल स्कूल के अंदर ग्राउंड पहुंची, तभी वहां के निवासी चोवाराम पाल, भोलाराम पाल व बजरंग पाल बिना वजह के प्रार्थी और उसकी बहन गुंजा व जागृति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इससे उसके दोनों पैर में चोटें आई हैं। साथ ही आरोपियों ने दूल्हे की कार में भी तोड़फोड़ कर दी, जिससे गाड़ी का कांच, दरवाजे और बोनट क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115-2, 351-2, 324-4, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी अर्जुन गुप्ता है। पुलिस ने 13 जुलाई को बीरगांव में बजरंग नाला के पास गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने 25 आर्म्स के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

### मारपीट के बाद कार से कुचलने का प्रयास

**रायपुर।** मारपीट कर कार से कुलचने का प्रयास करने के मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दीपक तिवारी निवासी कुशालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह होम केयरटेकर का संचालक है। उसके पास करीब 25 वर्कर काम करते हैं। 11 जुलाई की शाम 7 बजे रविशंकर गुप्ता अपने तीन साथियों के साथ उसके पास पहुंचा और कहा कि उसकी केयर स्टॉफ पीतर बाई को उसने अपने यहां काम पर रख लिया है। इस बारे में प्रार्थी ने जब अपने स्टॉफ से पूछा तो पता चला कि उस नाम की महिला उसके यहां काम कर रही है, लेकिन वह अपने परिजनों के साथ गांव जाने के लिए भाठागांव बस स्टैंड के लिए रवाना हो गई है। रविशंकर इसके बाद दीपक को पीतर बाई से मिलाने के बहाने से अपने साथ कार में बिठाकर ले गया और रास्ते में गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की।

### सामान्य कागज पर सील साइन लगाकर यात्रियों को दी जा रही पार्किंग पर्ची


# रेलवे पार्किंग में अवैध पर्ची का खेल, जीएसटी नंबर से लेकर गाड़ी नंबर तक, सब गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन का पिक एंड ड्रॉप सिस्टम अधिकारियों के निगरानी के बाद भी अभी तक सुधर नहीं पाया है। पिक एंड ड्रॉप लागू करने के दौरान रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार को प्रिंटेड पर्ची लोगों को देने कहा था, जिसमें समय, गाड़ी नंबर और जीएसटी का जिक्र होना चाहिए, लेकिन सामान्य कागज पर सील साइन लगाकर यात्रियों को थमाई जा रही हैं। एक सादे कागज में ठप्पा लगाकर कर्मचारी पार्किंग का पैसा वसूल कर रहे हैं। अफसरों ने कहा इसमें जीएसटी चोरी का मामला बनेगा, जांच की जाएगी।

हरिभूमि ने शनिवार को पार्किंग पर्ची को लेकर पड़ताल की। स्टेशन में तीन जगहों से लोग प्रवेश करते हैं, लेकिन सभी गेट से यात्रियों को अलग-अलग तरह की पर्ची दी जा रही है। आरक्षण भवन से एंट्री में सुबह 7:06 बजे सफेद कागज पर नीले रंग का सील लगी हुई पर्ची मिली, तो वहीं दोपहर 2:37 बजे एक्सप्रेस-वे से स्टेशन आने वाले गेट पर सामान्य कागज पर लाल रंग की सील लगी पर्ची दी गई। इसके अलावा तेलघानी चौक से स्टेशन आने पर गेट में पार्किंग कर्मचारी से हरे रंग की पर्ची मिली, जिसमें गाड़ी नंबर, समय और तारीख लिखा हुआ था, लेकिन एक पर्ची के पीछे यात्रियों को जीएसटी कितना लग रहा, इसका जिक्र किसी पर्ची में नहीं था। एक्सप्रेस-वे और आरक्षण भवन के एंट्री गेट में जो पर्ची मिली, उसमें केवल समय और तारीख लिखी थी।

**रेलवे के नियम अनुसार प्रिंटेड पर्ची ही मान्य, जीएसटी बचाने दी जा रही सामान्य पर्ची**




### नियमों का नहीं हो रहा पालन

पर्ची में जीएसटी से लेकर समय, गाड़ी और तारीख की पूरी जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान में जो पर्ची दी जा रही है, उसमें रायपुर रेलवे स्टेशन ही लिखा हुआ है। शिकायत पर रेलवे 5 से 10 हजार तक फाइन लगाता है। लेकिन कुछ दिन बाद ही पुराने ढर्रे पर ही काम होने लगता है।




### लोगों को नहीं मिल रही प्रिंटेड पर्ची

पार्किंग कर्मचारी तीन तरह की पर्ची लोगों को दे रहे हैं। सुबह के समय सामान्य कागज पर सील लगी हुई देते हैं, तो वहीं दोपहर और शाम को आदमी देखकर हरे रंगों की पर्ची देते हैं। गेट के पास पार्किंग कर्मचारी के हाथों में दो तरह की पर्ची देखने को मिली। जानकारी लेने पर कर्मचारी ने बताने से मना कर दिया, लेकिन सूत्रों के मुताबिक जीएसटी बचाने के लिए अलग-अलग तरह की पर्ची लोगों को दी जा रही है।


### पर्ची पूरी तरह से अवैध

प्रिंटेड पर्ची ही मान्य है। अगर पार्किंग कर्मचारी द्वारा लोगों को सामान्य कागज पर सील लगाकर दिया जा रहा है, तो यह पूरी तरह से अवैध है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

# सरकारी विभागों को 'स्मार्ट करंट', 1800 करोड़ बकाया

## अब रीचार्ज कराने पर मिलेगी बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों को अब बहुत जल्द स्मार्ट करंट लगने वाला है। सरकारी विभाग राज्य बनने के बाद से ही बिजली बिल जमा करने को लेकर गंभीर नहीं रहे हैं। सरकारी विभागों पर 18 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद सरकारी विभागों को रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान ऊर्जा विभाग की बैठक में नाराजगी जताई थी।

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जता चुके हैं बकाया पर नाराजगी

### केंद्रीय मंत्री जता चुके नाराजगी

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर 10 जुलाई को रायपुर आए थे। उन्होंने जब यहां पर ऊर्जा विभाग की बैठक ली तो उनके सामने भी सरकारी विभागों के बकाया की बात सामने आई तो उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए बकाया पर ध्यान देने की बात की है। इसी के साथ वे बोलकर गए हैं कि आप योजनाएं बताएं, जितने पैसों की जरूरत होगी, केंद्र से मदद मिलेगी।

### सरकारी विभागों पर बड़ा बकाया

प्रदेश में आम उपभोक्ता पर थोड़ा-सा बकाया होने पर उनकी बिजली कट करने पॉवर कंपनी के कर्मचारी पहुंच जाते हैं। वहीं सरकारी विभागों की बिजली कभी कट नहीं की जाती है। पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट में विभागीय बजट से ही बिलों का भुगतान लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों में सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर है। इनका बकाया 978 करोड़ हो गया है। वैसे तो यह बकाया 866 करोड़ है, लेकिन लंबे समय से भुगतान न होने के कारण 112 करोड़ सरचार्ज हो गया है। इसी तरह से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 430 करोड़ का बकाया सरचार्ज सहित है। इस विभाग को 35 करोड़ का सरचार्ज अब तक लग चुका है। अन्य विभागों पर भी 10 से 75 करोड़ तक का बकाया है।

### किस विभाग पर कितना बकाया

| | |
|---|---|
| नगरीय निकाय - | 978 करोड़ |
| पंचायत एवं ग्रामीण - विकास विभाग | 430 करोड़ |
| स्कूल शिक्षा विभाग - | 75 करोड़ |
| लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी - | 67 करोड़ |
| चिकित्सा विभाग - | 61 करोड़ |
| गृह विभाग - | 32 करोड़ |
| जल संसाधन विभाग - | 30 करोड़ |
| आवास एवं पर्यावरण - | 11 करोड़ |
| महिला एवं बाल विकास - | 21 करोड़ |
| आदिम जाति विभाग - | 14 करोड़ |
| लोक निर्माण विभाग - | 10 करोड़ |
| अन्य सरकारी विभाग - | 60 करोड़ से ज्यादा |

### छह माह से नहीं मिला एक भी पैसा

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, सरकारी विभाग वैसे तो वर्तमान बिलों का भुगतान करने लगे हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने अब नियम बना दिया है कि सरकारी विभागों पर बकाया रहने पर केंद्र सरकार आरडीएसएस योजना में मिलने वाली मदद पर रोक लगा देगी। बीते छह माह से ही सरकारी विभागों से वर्तमान बिलों का भी भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण बकाया बढ़ गया है, अन्यथा वर्तमान बिलों के साथ पुराना बकाया भी किस्तों में दिया जा रहा है।

### पिछले तीस सालों से किया जा रहा पचास रुपए प्रतिमाह भुगतान

# मरीजों की बीमारी बताने वालों को तीस साल से रोजाना 1.70 रुपए जोखिम भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

अपनी जान जोखिम में डालकर सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य जांच करने वाले रेडियोग्राफरों को जोखिम भत्ते के रूप में प्रतिदिन 1.70 के हिसाब से प्रतिमाह पचास रुपए का भुगतान किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले तीस साल से इस राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई है। लगातार रेडिएशन के प्रभाव में रहने की वजह से इन्हें कई तरह के साइड इफेक्ट भी होने लगे हैं।


राज्य में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की कमेटी इन्हें वेतन का दस प्रतिशत जोखिम भत्ता देने की सिफारिश कर चुकी है, मगर अब तक शासन और विभागीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

**केस 1**

सारंगढ़ जिले बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काम करने वाले छाया चौहान वर्ष 2018 से सोनोग्राफी का काम करती है। इस दौरान उसे थायरायड की समस्या हुई, जिसका काफी समय तक इलाज चला। इसके बाद गर्भधारण में होने वाली परेशानी की वजह से उसे अब तक मातृत्व सुख नहीं मिल सका है।

**केस 2**

बिलाईगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काम करने वाली ममता सोनवानी को लगातार गर्भपात की समस्या होती थी। इस दौरान एक निजी अस्पताल में उसका इलाज भी चला। अस्पताल आवाजाही के दौरान सड़क हादसे में पति की मौत हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अभी विभिन्न परेशानी से जूझ रही है।



### इस तरह की समस्या

चिकित्सकों के अनुसार लगातार रेडिएशन संबंधी जांच कराने से मरीजों को विभिन्न तरह के साइड इफेक्ट होने लगते हैं। ऐसे में इन मशीन को संचालित करने वाले रेडियोग्राफरों का जोखिम दो गुना होता है।

### ब्लाक स्तर पर एक कर्मचारी

वर्तमान में राज्य में रेडियोग्राफरों की संख्या बेहद कम है। विकासखंड स्तर पर एक रेडियोग्राफर की नियुक्ति की गई है, जिस पर वर्कलोड काफी होता है और उसे एक्सरे से लेकर सोनोग्राफी सहित अन्य जांच करनी पड़ती है। मेडिकल कालेजों में भी इनकी संख्या एक-दो से अधिक नहीं है। इनकी संख्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 4 रेडियोग्राफर एवं 4 डार्क रूम असिस्टेंट, जिला चिकित्सालय 8 रेडियोग्राफर एवं 8 डार्करूम असिस्टेंट की मांग काफी समय से की जा रही है।

### अब तक सुनवाई नहीं

जोखिम भत्ता, रेडिएशन अवकाश, पदोन्नति तथा पदनाम में परिवर्तन की मांग को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों के साथ अन्य जिम्मेदारों से मुलाकात की जा रही है। उनके द्वारा आश्वासन दिए गए हैं, मगर अब तक किसी तरह का आदेश जारी नहीं किया गया है। - **संतोष देवागंन,** अध्यक्ष, प्रदेश रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ

# पीआरए कंपनी कारोबारी के हमलावरों के तार झारखंड गिरोह से जुड़े

## दो माह पूर्व चार शूटर हथियार सहित हुए थे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पीआरए कंपनी के कारोबारी प्रहलाद अग्रवाल पर फायरिंग घटना में संलिप्त शूटरों के तार भी झारखंड गैंग से जुड़े हो सकते हैं। जिस तरह से कारोबारी पर हमला हुआ है, उसे लेकर यह माना जा रहा है कि कारोबारी पर हमला करने से पहले आरोपियों ने कारोबारी की रेकी की है। रेकी करने के बाद ही शूटर अपने चेहरों को स्कॉर्प से छिपाकर वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे, ताकि सीसीटीवी कैमरों के फूटेज में उनकी तस्वीरें आने के बाद भी उनकी पहचान नहीं हो पाए। शहर में करीब दो माह पहले भी इसी तरह झारखंड के अमन साहू गैंगस्टर गिरोह के 4 शूटरों को हथियारों के साथ भेजा गया था। ये शूटर कोयला कारोबारियों की हत्या के इरादे से यहां पहुंचे थे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गई। शूटर वारदात को अंजाम दे पाते, उससे पहले ही पुलिस उन तक ⏭ शेष पेज 11 पर

### अमन गिरोह में गुर्गों व हथियार की कमी नहीं

बताया जा रहा है कि अमन के गिरोह में गुर्गों की कमी नहीं है। सीआईडी से एटीएस को मिली रिपोर्ट में अमन गैंग में करीब डेढ़ सौ गुर्गे शामिल हैं। इनमें से करीब सौ अभी भी जेल से बाहर हैं। इस गैंग के पास हथियारों की भी कमी नहीं है, जिसके जरिए ये वारदातों को अंजाम देते हैं। इनके पास देशी कट्टा, पिस्टल कार्बाइन जैसे हथियार हैं।

### बाइक राइडर बनाकर भेजे गए थे रायपुर

पुलिस पूछताछ में पप्पू सिंह ने यह भी बताया था कि कारोबारियों की रेकी करने के लिए देवेंद्र और मुकेश को बाइक राइडर बनाकर रायपुर भेजा था, ताकि किसी को शक न हो। इसके अलावा वारदात के बाद गली-मोहल्ले के बीच से बड़ी आसानी से भागने का रास्ता भी मिल जाए। इन दोनों आरोपियों को बस से रायपुर भेजा गया था। इनमें रोहित बोकारो झारखंड का रहने है। कारोबारियों की हत्या के लिए ⏭ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### चिचोली के 113 विद्यार्थियों को स्कूली बैग का विरतण

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिचोली के 113 स्कूली छात्र-छात्राओं को अडानी फाउंडेशन द्वारा स्कूली बैग का वितरण किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय कुमार निर्मलकर, प्रधान पाठक बृजेश कुमार सिंह, शिक्षिका सीमा वर्मा, कुमारी मानसी साहू, संगीता सिंह सहित अडानी कंपनी के राजकुमार मंडल, दीपकसिंह, प्रीति प्रजापति आदि भी उपस्थित थे। इस सहयोग के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिचोली के प्रधानपाठक बृजेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### बैगलेस डे पर बच्चों ने किया योगाभ्यास



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला पंधी में शनिवार को सेवानिवृत्त प्रधानपाठक विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बस्ताविहिन दिवस पर बच्चों को योग कराया गया। जिसका शुभारंभ भारत माता की जयकारा के साथ ओम का नाद, गायत्री मंत्र का उच्चारण एवं महाकाल के मंत्र से कर सूर्य नमस्कार के 12 चरण एवं 12 आसन के नाम बताकर तीन बार कराकर उसका लाभ बताया गया। इसके बाद भत्रिरका, कपालभाति, बाह्य प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भामरी, उदगीत प्रणव सभी प्राणायाम लाभ बताकर कराया गया, ताकि इसे बच्चे रुचि लेकर नित्य करें और सर्दी खांसी बुखार आदि बीमारी से निजात पाएं। अंत में सिंहासन हास्य आसान कराया गया, जिसका बच्चों ने खूब मजा लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक, उमेंद्र कुमार चंद्राकर, श्रद्धांजली साहू, आश्रिता प्रधान, विश्राम प्रसाद बंजारे, गणेश्वर साहू तथा लगभग 100 बच्चों ने कार्यक्रम का लाभ लिये।

# प्रशिक्षण में शिक्षकों ने जाना कैसे छात्रों से अंग्रेजी का भय मिटाना

**शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास का प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर व डाइट के मार्गदर्शन में प्रत्येक शासकीय शालाओं के एक एक शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है । इसी क्रम में विकासखंड धरसीवां के प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास का प्रशिक्षण हाई स्कूल चरौदा में दिनांक 8 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित किया गया।

जिसके समापन सत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम मिंज ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति कौशल के विकास का क्रियान्वयन होना ही प्रशिक्षण की सफलता तय करेगा और इसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। भाषा अभिवयक्ति का माध्यम है , चाहे वह मातृभाषा हो या फिर अंतर्राष्ट्रीय भाषा हो ।

वहीं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मुरारी लाल वर्मा ने कहा कि हर प्रशिक्षण हमें बहुत कुछ सिखाता है और यह हमे हमेशा अपडेट रखता है। आधुनिक शिक्षा तकनीक आधारित होते जा रहा है । मास मीडिया का अहम भूमिका होते जा रहा है । अंग्रेजी संपर्क का उचित माध्यम बन गया हैं। बच्चों को पहले अंग्रेजी में इंट्रोडक्शन सिखाए तथा सरल वाक्य के प्रयोग से अंग्रेजी का डर भगाना होगा। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर का गुपेंद्र कुमार साहू,ढालेश्वर साहू, अंकिता वाजपेई दीक्षित व अराधना ठाकुर ने विविध ग्रुप एक्टिविटीज के माध्यम से शिक्षकों को बताया कि पहले हेजीटेशन को छोड़िए और अंग्रेजी में वार्तालाप कीजिए । यह एक भाषा है जो सहजता से प्रवाह ले लेगी और संप्रेषण का माध्यम बनेगी तथा हमारे विद्यार्थी बहु भाषा शिक्षण के उद्देश्य को पूरा करते दिखेंगे।

**आयोजन :** प्रशिक्षण शिविर, ग्रुप सलेक्शन टीएससी 2 ट्रेनिंग एवं लॉच शिविर का आयोजन

# संयुक्त प्रशिक्षण शिविर में कई जिलों के 605 एनसीसी कैडेट्स हैं प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



एनसीसी प्रशिक्षण केम्पिंग एरिया लखौली (आरंग) में 12 से 21 जुलाई तक 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं टीएससी–2 सलेक्शन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे छत्तीसगढ के विभिन्न जिलो से 605 कैडेट भाग ले रहे है। इस शिविर हेतु छात्र–छात्रओं का आना दिनभर जारी रहा, जिसे सुबेदार बलबीर सिंह एवं कार्यालयीन स्टाफ द्वारा नामांकित कर केम्प में प्रवेश की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल सौरभ कुमार के द्वारा कैम्प का ओपनिंग एड्रेस दिया गया और कैम्प कमांडेंट ने शिविर मे कैडेटो को अनुशासन, हेल्थ एण्ड हाईजिन, पर्यावरण संरक्षण एवं विभिन्न प्रकार के सैन्य प्रशिक्षण देने के संबंध में जानकारी दी। अपने प्रारंभिक उद्बोधन में सभी उपस्थित छात्र–छात्रओं, एनसीसी अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों व कार्यालयीन स्टाफ का स्वागत कैम्प कमांडेंट के द्वारा किया गया। इस युनिट के पीआई स्टाफ द्वारा कैडेटो को फिल्ड क्राफ्ट, बेटल क्राफ्ट, ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मेप रिडिंग आदि के बारे मे जानकारी दी जायेगी और प्रशिक्षित किया जावेगा। छात्र–छात्रओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकार के खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी इस शिविर के दौरान किया जावेगा। टीएससी सलेक्शन शिविर के लिये आये सभी युनिटो के कैडेटो का आज शिविर के सुबेदार मेजर सत्यव्रत तथा प्रशिक्षण जेसीओ सुबेदार नरोत्तम राम, क्वाटर मास्टर केशव दत्त एवं शिविर के मुख्य लिपिक संतोष ओटवानी के द्वारा कैडेटो का साक्षात्कार किया गया। राज्य के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों से आये हुये एनसीसी अधिकारियो कैप्टन अविनाश सिंह, थर्ड आर्फसिर अवधेश पाण्डेय, बलदाऊ ठाकुर, तोष राम, रिता शुक्ला, हर्षवर्धन भंभोरे एवं बबीता कश्यप द्वारा कैडेटो को व्याख्यान एवं प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाएगा एवं इसी तरह की दिनचर्या अगले 10 दिनो तक चलेगी तथा कैडेटो को पूर्णरूप से प्रशिक्षित किया जावेगा।

# फौजी परिवार तीर्थटान पर, सूने मकान से 1 लाख के गहने पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अब शहरों में नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी चोरों की धमक बढ़ गयी है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में तीर्थयात्र पर गये एक फौजी परिवार के सूने मकान का ताला तोड़ पुलिसिया मुल्यांकन के अनुसार करीबन एक लाख रुपए कीमत के सोने–चांदी के गहने पार कर दिया गया है। यात्र से लौटने के बाद चोरी की जानकारी मिलने व पतासाजी के असफल प्रयास के बाद मृत फौजी के पत्नी ने बीते 12 जुलाई को प्रथम सूचना पत्र दर्ज करायी है। स्वर्गवासी किशन वर्मा की पत्नी विक्टोरिया द्वारा दर्ज करायी गयी, प्रथम सूचना पत्र के अनुसार वह अपने अविवाहित पुत्र के साथ ग्राम टेकारी (कुंडा) में निवास करती है। बीते 2 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे वह परिवार के साथ उज्जैन तीर्थ यात्र करने निकली व 10 जुलाई को दोपहर जब अपने पुत्र पवन के साथ टेकारी वापस लौटी तब चोरी का पता चला। चारदीवारी के गेट का ताला तो यथावत लगा था पर कोई अज्ञात व्यक्ति दीवार फांद मुख्य द्वार का ताला तोड़ घुस अंदर के कमरों सहित आलमारी का ताला तोड़ आलमारी में रखे सोना–चांदी के विभिन्न गहनों सहित साड़ियां चोरी कर ले गया था।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सोने के गहनों में 3 तोला का एक जोड़ी कंगन, एक तोला का कान की खुटी, डेढ़ तोले का गले का चैन, एक फुली, 4 गोल दाना व 2 अंगूठी तथा चांदी के 35 तोले का 3 पैरी, साढ़े सत्रह तोले का 20 सिक्का व 2 बिछिया सहित 10 नग साड़ी की चोरी हुयी है। प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। इधर ग्राम में छुटपुट चोरी की घटनाये बढ़ गयी है, जिसकी रिपोर्ट थाने में नहीं हो रही है। बीते 3 जुलाई को ही शाम 4 से 5 बजे के बीच अपने घर में अकेले निवास करने वाली भानुमती पुरैना पड़ोसी ग्राम कुंडा गयी थी तभी घर का ताला तोड़ 15 सौ रुपये व गैस का कार्ड कोई चोरी कर ले गया, दो आलमारियों का ताला भी तोड़ा गया है पर इसकी रिपोर्ट थाने में नहीं की गयी है। ग्राम में चर्चा होने पर जब ग्राम के निवासी किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने ग्रामीणों के साथ जा संपर्क साधा तो इसकी पुष्टि हुयी। इधर बीते 2–3 साल के भीतर हुयी चोरी के घटनाओं में से कुछ का रिपोर्ट होने के बाद भी आरोपियों को धर दबोचने में पुलिस प्रशासन को मिली असफलता से चोरियों को अंजाम देने वाले तत्वों के हौसले बुलंद है व ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना है। ग्रामीण अपने स्तर पर भी पतासाजी में जुटे हैं व पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि हर हाल में आरोपियों को धर दबोचने गंभीर प्रयास करें।

## ग्राम तामासिवनी के 91 युवाओं ने किया रक्तदान



**आरंग।** ग्राम तामासिवनी के पंचायत भवन में शनिवार को 1999 कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में व ग्राम प्रधान के मार्गदर्शन से रक्त दान महादान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षारोपण कर पूर्व सैनिको के साथ ग्राम के 91 युवा वर्ग ने भी रक्त दान किया

# मटिया दोदेंकला में लाखों के पत्थर का अवैध उत्खनन, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

- कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

राजधानी रायपुर से लगे विधानसभा इलाके के ग्राम मटिया दोदेकला में जमकर अवैध पत्थर का उत्खनन को लेकर रायपुर कलेक्टर से इसकी शिकायत की गई है । धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कलेक्टर रायपुर से मुलाकात कर बताया कि मटिया, दोन्देकला क्षेत्र के 5 एकड़ से अधिक एरिया में पत्थर का अवैध उत्तखनन चल रहा है। करोड़ रूपये का अभी तक पत्थर निकाले जा चुके है आखिर करोड़ रूपये का पत्थर किस क्रेशर को बेचा गया है । इनकी जांच की मांग की गई है । मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए श्री बंजारे ने बताया कि भाजपा की सरकार , रेत-पत्थर माफिया, भूमाफियाओं की सरकार है। जो राजनेता पत्थर एवम रेत माफिया,को पनाह दे रहे है । उनके गठजोड़ को भी जांच होनी चाहिए। स्थानीय मीडिया, अखबार प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रतिदिन रेत माफियाओं एवं पत्थर माफियाओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं । लेकिन भाजपा नेताओं के शिर्ष स्तर के राजनैतिक सरक्षण के चलते उक्त माफियाओं पर कार्यवाही करने खनिज विभाग की हिम्मत नही हो रही है।



### 10 एकड़ में अवैध प्लाटिंग

इसी तरह मटिया रोड में भूमाफियाओं ने 10 एकड़ में अवैध प्लाटिंग कर 699 रुपये प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से बिना टीएनसी अप्रूवल के बेचा जा रहा है एक बड़े भूमाफिया जो बड़े बड़े धार्मिक आयोजन करने वाले भाजपा नेता द्वारा छपोरा गिट्टी खदान को पाट कर रोड रास्ता बनाकर 15 एकड़ में अवैध प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है । ग्राम टेकारी में कोई अग्रवाल भू माफिया द्वारा करोडो रुपये की 3 एकड़ चारागाह की जमीन को शासन से लीज लेकर कब्जा किया गया आखिर कैसे चारागाह की जमीन को शासन ने लीज पर दिया है जांच का विषय है। इसी तरह क्षेत्र में खेतों की बाउंड्री में लगे लोहे का गेट,रोड रास्तो के लोहे की ग्रिल गाँव में सायकल मोटर सायकिल चोरी कर कबाड़ियों के पास बेचा जा रहा है अवैध कबाड़ियों की शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नही होना , भाजपा नेताओं की संलिप्तता दिखता है आमसिवनी, सकरी गाँव का एक बड़ा कबाड़ी भाजपा में ही शामिल हो गया है। अवैध कबाड़ी का काम को तेज गति से बढाया है।जिसके वजह से क्षेत्र में लगातार ग्रिल लोहे का सामान चोरी हो रहा है।

## लोक अदालत में 219 प्रकरणों का निराकरण



**तिल्दा नेवरा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय तिल्दा में किया गया। जिसमें 219 प्रकरणों का निराकरण किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर जिला न्यायाधीश रायपुर के निर्देशन में आज व्यवहार न्यायालय तिल्दा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 219 प्रकरणों का निराकरण व्यवहार न्यायालय तिल्दा के न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी के समक्ष सफलतापूर्वक आपसी रजामंदी के आधार पर किया गया।

### //आम सूचना//

**ग्राम शंकर नगर पटवारी हल्का नं. 114/63 रा.नि. रायपुर 08 शंकर नगर-10, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ. में स्थित प्लॉट/ मकान नं. बी-75, खसरा नं. 708/10 (पुराना खसरा नं. 708) रकबा 2400 वर्गफीट के संबंध में ।**

एतद् द्वारा यह सर्व सधारण सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार श्रीमती इंद्रजीत कौर बरीयाम सिंग चावला पति श्री बरीयाम सिंग चावला विक्रेता श्रीमती निरजा सेन पति श्री स्वपन कुमार सेन निवासी सी-129 आर-05 स्वर्ण भूमि एम.जी.एम. हॉस्पिटल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य के अवासीय भूमि वाके मौजा शंकर नगर पटवारी हल्का नं. 114/63 रा. नि. रायपुर 08 शंकर नगर-10 तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित प्लॉट/मकान नं. बी-75 खसरा नं. 708/10 (पुराना खसरा नं. 708) रकबा 2400 वर्गफीट है जो कि अवासीय कॉलोनी गायत्री नगर ग्रह निर्माण सहकारी समिति को खरीदने का सौदा कर लिया है जिसका पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक शासकीय अशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी भी पारिवारीक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 सात दिनो के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं होगी तथा इसके सक्षम शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैमाना पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक-13/07/2024**

**वास्ते**
**राजीव लोचन तिवारी**
**अधिवक्ता**
**एल.आई.जी - 32 इंद्रावती कॉलोनी**
**राजा तालाब, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 7000628794, 9009388375**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक - एच. आई. जी - 1/685, को सुश्री संगीता गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा, पताः- वीसीएम हाउस शंकर नगर, मेन रोड रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। सुश्री संगीता गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा की मृत्यु दिनांक 27.04.2023 को हो गयी है। श्री आलोक गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा ने अपने बहन सुश्री संगीता गुहा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्री आलोक गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़**
**गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**धरसीवां / कूंरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का गुलाल एवम मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। प्रवेश उत्सव में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए। पूरे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने प्राथमिक शाला कुँरा, मिडिल स्कूल कुँरा, मुर्रा, पडरभट्टा, भेषमुडा के बच्चों को पुस्तक एवम गणवेश वितरण किया एवम कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि माननीय विधायक ने शाला की कुछ मूलभूत सुविधाओं की माँग पर बताया कि विद्यालय के लिए दस लाख रुपये की राशि की घोषणा उनके द्वारा की जा चुकी हैं जिस पर शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।। सभी की उपस्थिति में शाला के दोनों माध्यमों के हेड बॉय एवम हेड गर्ल की घोषणा की गई इस अवसर पर अनुज शर्मा द्वारा उन्हें सैश पहनाया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्षद योगेश साहू ,, पुरुषोत्तम यादव , मोहन प्रजापति , रामेश्वर साहू , संतोष साहू , हीमिन बाई साहू , किरण पटेल , हेमलता घमफोरिया सहित स्कूल के समस्त शिक्षकगण एवं स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।



# चुनावों में जिन सीटों पर मिली हार, वहां के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाएंगे

## संगठन से बाहर हो सकते हैं भूपेश के करीबी, सिंहदेव और महंत समर्थकों को मिल सकती है जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस बड़ा बदलाव करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन में दो दिवसीय बैठक में जिलाध्यक्षों, विधायकों व जनप्रतिनिधियों के साथ हार के कारणों पर चर्चा हुई। साथ ही यह पूछा गया कि क्यों न इस प्रदर्शन पर पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। सूत्रों के अनुसार बदलाव की इस कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी संगठन से बाहर हो सकते हैं। संगठन में पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव व नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के समर्थकों को जगह मिल सकती है। चुनाव के दौरान पार्टी के भीतर अंतर्कलह की बातें सामने आई, इससे फैक्ट फाइंडिंग टीम भी आश्चर्यचकित रही। टीम के सामने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को भी हार के कारणों में शामिल किया गया। इनके कारण पूर्व मुख्यमंत्री के करीबियों पर गाज गिर सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एक-एक जिलाध्यक्ष से सवाल-जवाब किया गया। संगठन में बदलाव को लेकर कांग्रेस आलाकमान की सहमति के बाद यह माना जा रहा है कि जल्द ही इसे लेकर नाम भेजे जाएंगे। प्रदेश प्रभारी ने भी पीसीसी अध्यक्ष को अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।




### जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे में भी फेरबदल

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बदलाव के संकेत दे दिए हैं। कांग्रेस बड़े पैमाने पर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को बदलने पर विचार विमर्श कर रही है। साथ ही राज्य स्तरीय पदाधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। विधानसभा, लोकसभा में जिन सीटों पर कांग्रेस को हार मिली है, वहां के जिलाध्यक्षों को साफ संकेत दे दिए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे में भी फेरबदल होगा। प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक में बदलाव पर अंतिम निर्णय होगा।*

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत में पौने दो लाख मामलों का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पौने दो लाख लोगों को त्वरित न्याय मिला।

### निकाय चुनाव व उपचुनाव में दमदारी से लड़ेगी आम आदमी पार्टी, बैठक आज

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी अब स्थानीय नगरीय निकाय चुनाव व उपचुनाव में दमदारी से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय झा ने बताया कि 26 सदस्यों की कोर कमेटी बनाई गई है। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, देवलाल नरेटी, प्रियंका शुक्ला, उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री वदू आलम, प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह, संगठन मंत्री तेजेन्द्र तोड़ेकर, प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, महिला विंग अध्यक्ष दुर्गा झा के अलावा विजय कुमार झा को प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी विंग बनाया गया है। रायपुर लोकसभा के 9 विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक 14 जुलाई को दोपहर 12 राजधानी के पंचशील नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित है। आम आदमी पार्टी में पूरे दमखम के साथ अब नगरीय निकाय चुनाव और दक्षिण विधानसभा के उप चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी।

### रोहित शर्मा और अल्लू अर्जुन को भेजा कानूनी नोटिस

**रायपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने चैतन्य टेक्नो स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण भारत फ़िल्म सितारे अल्लू अर्जुन को क़ानूनी नोटिस भेजा है। क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा, फिल्म सितारे अल्लू अर्जुन इस स्कूल के विज्ञापन में दिखाई देते हैं। राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के कई स्कूल खुल गये हैं, जो अपने को सीबीएसई माध्यम के स्कूल होना प्रचारित करते हैं, जबकि सीबीएसई की मान्यता नहीं है। श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के राजधानी रायपुर की दो स्कूल को कुछ दिनों पहले सीजी बोर्ड के अंग्रेज़ी माध्यम की मान्यता मिली है।

### 5 बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

**रायपुर।** कवर्धा जिले में डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत के मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी गठित की है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनक ध्रुव, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम, नेता महेश चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी शामिल हैं।

## कांग्रेस बताए क्यों किया था रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार

# कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने को लेकर भी सियासत हो रही है। कांग्रेस ने इस मामले में आरोप लगाया है कि अब तक साय का मंत्रिमंडल चंदखुरी के मंदिर तक नहीं गया है। राजधानी रायपुर लौटने पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के उठाए सवाल का जवाब दिया और कहा, कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने कहा, आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब मंत्रिमंडल के साथी भगवान श्रीराम के दर्शन करने गए थे। उन्होंने कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। हम प्रधानमंत्री को बधाई और धन्यवाद देते हैं। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीगसढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। भगवान राम का वनवास का अधिकतम समय छत्तीसगढ़ के वनों में बीता है। हमारा प्रभु श्रीराम के साथ आत्मीय संबंध है। उनको भांजा के रूप में मानते हैं, पैर पखारते हैं। उन्होंने कहा, 500 साल तक पूर्वजों ने तपस्या, बलिदान और संघर्ष किया, लंबी लड़ाई लड़ी उसके बाद प्रभु श्रीराम का मंदिर बन पाया। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए रामलला दर्शन योजना बनाई है।

आम जनता भी इसका ज्यादा ज्यादा लाभ लेगी। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद और कृपा हम सब पर बनी रहे। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला द्वा उठाए गए सवाल, अयोध्या से पहले चंदखुरी जाकर माता कौशल्या के मंदिर दर्शन के जवाब में श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। यहीं नहीं, कांग्रेस ने अयोध्या के मंदिर के शुभारंभ कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया था, इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए।





### कांग्रेस से ओपी चौधरी के दो सवाल

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, अयोध्या धाम को इतिहास के पन्नों से गायब करने का काम पूर्व की सरकारों ने किया था। आज वही सब गायब हो गए। विरासत को बचाने उसे लौटाने का काम भाजपा ने किया। हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा को पुर्नजीवित करने का काम किया। पीएम नरेंद्र मोदी का हम सब आभार जताते हैं, उन्होंने भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर निर्माण कराने का काम किया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, हम सबने रामलला का आशीर्वाद लिया है। कांग्रेस के मित्रों से दो सवालों का जवाब चाहता हूं। पहला, कांग्रेस के लोगों ने प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का काम किया, इस पर क्या कहेंगे। दूसरा, श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके क्या मैसेज दिया। इन दो सवालों का जवाब कांग्रेस पहले दे, फिर सवाल करे।

# बृजमोहन ने दानी स्कूल के सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल के कार्यक्रम में कहा, समग्र रूप से छात्राओं की शिक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को सुधारती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए लड़कियों को शिक्षित करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर दानी स्कूल में सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल परिसर में अपनी माता की स्मृति में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया। श्री अग्रवाल ने कहा, जे आर दानी स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में लड़कियों का सबसे उत्कृष्ट स्कूल है और आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां पर पढ़ने का मौका मिल रहा है। यहां की पढ़ी हुई छात्राएं आज देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। यह स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए काम करता है, जिसके कारण यहां की छात्राएं खेलकूद, गीत-संगीत और दूसरे क्षेत्रों में भी अपना नाम रोशन करती आ रही हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने सालों पहले मंत्री पद पर रहते हुए यहां पर छात्रावास का निर्माण कराया था। जिसका फायदा आज हजारों छात्रों को हो रहा है। उन्होंने कहा, छात्राओं में शिक्षा का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है और समाज के संपूर्ण विकास के लिए अनिवार्य है।

**छात्राओं का सम्मान :** श्री अग्रवाल ने 10वीं और 12वीं की मेघावी छात्रों के साथ ही शिक्षा, खेलकूद, संगीत, एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया तथा छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक और साइकिल भी वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुभाष तिवारी ने की। पार्षद डॉ सीमा कंदोई, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य श्री हितेश दीवान, मनोज वर्मा, मृत्युंजय दुबे, सरिता वर्मा, सविता दुबे समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष को चैंबर ने दिए औद्योगिक विकास के अहम सुझाव

**अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, औद्योगिक गलियारा, होलसेल कॉरिडोर और स्मार्ट टूरिज्म पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया को छत्तीसगढ़ के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के लिए कई बिंदुओं पर अहम सुझाव दिये। इनमें औद्योगिक गलियारा, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, होलसेल कारीडोर, स्मार्ट टूरिज्म संबंधी सुझाव शामिल है।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सुझाव को वित्त आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। चैंबर के सुझाव पर कई अहम बिंदुओं पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने हामी भरते हुए चैंबर के पदाधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और इन सुझावों को बेहतर बताया।

श्री पारवानी ने बताया कि वित्त आयोग के अध्यक्ष को होलसेल कारीडोर से आर्थिक गलियारा के महत्व पर हमने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदेश में सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए निवेदन किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में सर्विस सेक्टर अभी भी 10 से 12 फीसदी का योगदान दे रहा है। इसमें इजाफा होने से आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ सकती है। श्री पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने खनिज सम्पदा, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता तथा आर्थिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। प्रदेश में अनेक संभावनाएं हैं, जिन्हें सहायता प्रदान करने से प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा, साथ ही देश की आर्थिक प्रगति में वृद्धि होगी। 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए चैंबर ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये।

- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा परियोजना में करें शामिल
- होलसेल कॉरिडोर
- स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट व कार्गो हब घोषित किया जाये
- स्मार्ट टूरिज्म का सुझाव

# भाजपा का रायपुर की विधानसभाओं में आज से मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रदेश की 90 विधानसभाओं में मतदाताओं का अभिनंदन करने का काम प्रारंभ किया है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के मुताबिक, अब तक 90 में से 26 विधानसभाओं में कार्यक्रम हो गए हैं। अब जल्द ही सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम होंगे। 14 से 17 जुलाई तक रायपुर जिले के साथ और जिलों में भी कार्यक्रमों तय किए गए हैं।

विधानसभा चुनाव में भाजपा को जहां 54 सीटों के साथ सरकार में वापसी करने का मौका मिला है, वहीं विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। इसके बाद हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन करने का कार्यक्रम तय किया गया है। कार्यक्रम यूं तो बीते माह से ही प्रारंभ होना था, लेकिन ज्यादा विधानसभाओं में यह कार्यक्रम लोकसभा सत्र के कारण नहीं हो सका है। कार्यक्रमों में लोकसभा सांसद का रहना जरूरी है। अब लोकसभा सत्र समाप्त हो गया है और सांसद अपने क्षेत्रों में हैं तो तेजी से कार्यक्रम कराने की तैयारी है, क्योंकि एक बार फिर से 22 जुलाई से लोकसभा का सत्र प्रारंभ होगा। इसमें बजट पेश किया जाएगा।

**//आम सूचना//**

**ग्राम शंकर नगर पटवारी हल्का नं. 114/63 रा.नि. रायपुर 08 शंकर नगर-10, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ. में स्थित प्लॉट/ मकान नं. बी-75, खसरा नं. 708/10 (पुराना खसरा नं. 708) रकबा 2400 वर्गफीट के संबंध में ।**

एतद् द्वारा यह सर्व सधारण सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार श्रीमती इंद्रजीत कौर बरीयाम सिंग चावला पति श्री बरीयाम सिंग चावला विक्रेता श्रीमती निरजा सेन पति श्री स्वपन कुमार सेन निवासी सी-129 आर-05 स्वर्ण भूमि एम.जी.एम. हॉस्पिटल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य के अवासीय भूमि वाके मौजा शंकर नगर पटवारी हल्का नं. 114/63 रा. नि. रायपुर 08 शंकर नगर-10 तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित प्लॉट/मकान नं. बी-75 खसरा नं. 708/10 (पुराना खसरा नं. 708) रकबा 2400 वर्गफीट है जो कि अवासीय कॉलोनी गायत्री नगर ग्रह निर्माण सहकारी समिति को खरीदने का सौदा कर लिया है जिसका पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक शासकीय अशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी भी पारिवारीक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 सात दिनो के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं होगी तथा इसके सक्षम शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैमाना पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक-13/07/2024**

**वास्ते**
**राजीव लोचन तिवारी**
**अधिवक्ता**
**एल.आई.जी - 32 इंद्रावती कॉलोनी**
**राजा तालाब, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 7000628794, 9009388375**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक - एच. आई. जी - 1/685, को सुश्री संगीता गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा, पताः- वीसीएम हाउस शंकर नगर, मेन रोड रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। सुश्री संगीता गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा की मृत्यु दिनांक 27.04.2023 को हो गयी है। श्री आलोक गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा ने अपने बहन सुश्री संगीता गुहा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्री आलोक गुहा पिता स्व. श्री कमल कुमार गुहा के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़**
**गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**



## सतनामी समाज की बैठक आज

रायपुर। ममतामयी महतारी के नाम से प्रख्यात छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाली स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की बैठक होगी। यह बैठक न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे की जाएगी। बैठक में सभी के सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बैठक में सतनामी समाज के सभी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व महिला मंडल के सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

### निधन

## चंद्रादेवी तलरेजा



रायपुर। तेलीबांधा निवासी चंद्रादेवी तलरेजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजकुमार, मुकेश, अनिल तलरेजा की माता थीं।

# प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ी नाका, आमापारा की सड़कें खस्ताहाल, जगह-जगह गड्ढे, नुकीली गिट्टी खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आमापारा के विशाल मेगामार्ट के सामने वाली सड़क खराब

कीचड़, बजरी और जगह-जगह गड्ढों में शहर के रिहायशी इलाके की सड़कें तब्दील होने से लोगों को सुगम आवागमन में परेशानी हो रही है। शनिवार को बारिश के बाद प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ीनाका, भाठागांव, रायपुरा, आमापारा मुख्य मार्ग की सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। यही हाल बूढ़ागार्डन के ठीक सामने वाली सड़क का रहा, जहां केबल डालने के नाम पर खोदी गई सड़क को आधा-अधूरा पाटने से वहां गड्ढा बन गया है। रात के समय इस मार्ग पर आने-जाने वालों को इस मार्ग पर गुजरते समय दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है।

नगर निगम ने शहर के 15 वार्डों की सड़कों पर 24 घंटे जल आपूर्ति, अंडर ग्राउंड केबल और बिजली के तारों को भूमिगत करने अनुबंधित एजेंसी से सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का काम कराया। इनमें से एक भी वार्ड में लोगों को 24 घंटे पानी तो मिला नहीं, पर खोदी गई सड़क को पाटने में कोताही बरतने से लोगों को बारिश के सीजन में परेशानी जरूर होने लगी है। आमापारा, ब्राम्हणपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, पचपेड़ीनाका, रायपुरा सहित अन्य रिहाइशी इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया, पर रेस्टारेशन का काम गुणवत्ता युक्त नहीं होने से सड़कें खराब हो गईं।

सड़क पर चढ़ाई गई डामर की परत अभी से उखड़ने लगी है। यही नहीं, जर्जर सड़क में गड्ढे उभरने से वहां कीचड़ युक्त गंदा पानी भरने लगा है। इससे दोपहिया, तिपहिया चालक और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।



### आमापारा मुख्य मार्ग की सड़क पर टूटी रोटरी, मलबा का ढेर

आमापारा से अग्रसेन चौक पहुंच मार्ग वाली सड़क पर टूटी रोटरी रख देने और सड़क खुदाई कर मलबा का ढेर छोड़ने से चारपहिया, तिपहिया चालक परेशान हो रहे हैं। इस मार्ग पर सुबह से देर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बाद भी मलबे का ढेर नहीं हटाया गया। इससे आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### काठाडीह मार्ग में जलभराव दोपहिया चालक परेशान

भाठागांव से काठाडीह मार्ग पर इन दिनों घुटनों तक पानी भरने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में खासी परेशानी हो रही है। दोपहिया चालक गंदे पानी के छींटों से त्रस्त हैं। वहीं इस मार्ग की सड़क पार करते समय गाड़ियों के इंजन में पानी भरने से गाड़ी बंद होने का खतरा बना हुआ है। पुराने पुल की ऊंचाई बढ़ाने नगर निगम ने काम जरूर शुरू कराया, पर यह काम आधा-अधूरा होने से इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### पॉट होल कराएंगे दुरुस्त

निगम सीमा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य निर्माण कार्य के दौरान सड़क खुदाई के दौरान हुए गड्ढे व पाटहोल को ठीक कराया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी को इसके लिए निर्देशित किया गया है।

*- राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर*

# खम्हारडीह में डेयरी पर एक्शन

## 13 गायों को शहर से बाहर कराया शिफ्ट

रायपुर। आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी को शहर से बाहर शिफ्ट करने निगम अमला अब अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जोन 9 की टीम ने खम्हारडीह के तक्ष कुमार पटेल की डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन की मदद से निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराया। रहवासी इलाके में डेयरी संचालन से प्रदूषण और गंदगी की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह आवासीय क्षेत्र में अभियान चलाकर डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन से आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर के क्षेत्र में शिफ्ट किया गया।

## डेंगू से बचाव के लिए पार्षद ने दिखाई तत्परता

रायपुर। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में डेंगू जनजागरण अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही विंडो कूलरों में भरा पानी खाली करवाया। बारिश के सीजन में मच्छरों से फैलने वाले डेंगू से बचाव के लिए अब वार्ड पार्षद भी स्वस्फूर्त होकर लोगों को सजग बनाने जुट गये हैं। इसी कड़ी में पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी ने वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर डेंगू जनजागरण अभियान चलाया। श्री तिवारी ने वार्डवासियों से स्वस्थ रहने मानसून के दौरान अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की।



## पेज 09 के शेष ...

### पीआरए कंपनी ...

पहुंच गई और उनके मंसूबों को विफल कर दिया था। नकाबपोश बाइक सवार दो शूटरों ने सुबह करीब 10.51 बजे शहर के राजेंद्रनगर से तेलीबांधा जाने वाले रिंग रोड के बगल वाली सर्विस रोड पर रेकी करते हुए पीआरए बारब्रिक प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के मालिक प्रहलाद अग्रवाल के दफ्तर के बाहर उसकी कार पर फायरिंग कर दी। उस समय कार में सिर्फ चालक सवार था। कारोबारी कुछ मिनट पूर्व ही कार से उतरकर दफ्तर के अंदर चले गए थे। शूटरों ने कार में कारोबारी है या नहीं, यह देखे बिना ही कार पर दो राउंड गोली चलाई और भाग गए। इस घटना से यह संभावना जताई जा रही है कि शूटर हत्या के इरादे से नहीं पहुंचे थे। वे सिर्फ कारोबारी को डराने के इरादे से कार पर गोली चलाकर फरार हो गए। इधर दो माह पूर्व कोयला कारोबारियों की हत्या के इरादे से रायपुर पहुंचे चार शूटरों में पप्पू सिंह, देवेंद्र सिंह, रोहित स्वर्णकार और मुकेश कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि उन्हें अमन साहू गैंग से सुपारी मिली थी। पप्पू सिंह राजस्थान का रहने वाला है, जो तीनों शूटरों का लीडर था। ये सभी शूटर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए भी काम कर चुके हैं।

इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने ऑपरेशन चलाकर किया था गिरफ्तार पुलिस को चारों शूटरों के बारे में इंटेलिजेंस से इनपुट मिले थे, इसके आधार पर ऑपरेशन चलाकर सभी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में यह भी बातें सामने आई थीं कि इस पूरे मामले में गैंगस्टर मयंक सिंह ने अमन साहू गैंग को सुपारी दी थी। उस समय मयंक की मलेशिया में लोकेशन मिली थी, जहां से वह गैंग को ऑपरेट कर रहा था।

### बाइक राइडर बनाकर...

रोहित को पिस्टल मध्यप्रदेश के इंदौर के पास सेंधवा से मिली थी। यहां उसे एक लोडेड मैगजीन भी उपलब्ध कराई गई थी। वह उज्जैन ट्रेन से रायपुर पहुंचा था।

























## प्रवेश प्रांरभ 2024-25



### शिक्षा का उद्देश्य है कि दिमाग को विचारों से भरना नहीं बल्कि उसे सोचने योग्य बनाना है !

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही विभिन्न कॉलेज और स्कूलों में भी हलचल शुरू हो गई है। छात्रों के लिए यह समय अत्यधिक उत्साह और ऊर्जा से भरा हुआ है।

स्कूलों में भी नए कक्षाओं और पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों का स्वागत किया जा रहा है। प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक तक के स्कूलों ने अपने पाठ्यक्रम में कई नए विषय और सह-पाठयक्रम गतिविधियां जोड़ी हैं। छात्रों की सर्वांगीण विकास के लिए विशेष कक्षाओं, खेल गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में यह नई शुरुआत छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के साथ, छात्रों को उनके भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयास जारी है। यह नया सत्र छात्रों के लिए ज्ञान, कौशल और नए अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

Contact for ad 7987119756









## खबर संक्षेप

### डॉ. प्रमोद बने महानगर कबड्डी संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुर महानगर कबड्डी संघ की वार्षिक आमसभा और आगामी चार साल के लिये निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को पंडरी के प्रगति मैदान में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने डॉ. प्रमोद कुमार साहू को निर्विरोध रूप से पुनः अपना अध्यक्ष चुना। सचिव के रूप में रिखीराम ठाकुर निर्वाचित हुए। विदित हो, डॉ. प्रमोद कुमार साहू छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सहसचिव, प्रगति क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव एवं रायपुर नगर निगम में पार्षद के साथ ही जोन 3 के अध्यक्ष भी हैं। उनके निर्विरोध पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस पूरी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामानन्द यदु, पर्यवेक्षक के रूप में जिला कबड्डी संघ के सचिव सेवाराम साहू की सहभागिता रही।

### बालिका गृह के नवनिर्मित भवन में पूजा-हवन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बालगृह बालिका के लिए नवनिर्मित भवन में शनिवार को सत्यनारायण भगवान की कथा, पूजन-पाठ किया गया। साथ ही हवन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम, प्रीति निगम ने विधि-विधान से पूजा हवन किया। इस मौके पर श्री निगम ने बताया कि इस भवन के निर्माण के लिए सुनील सोनी ने सांसद निधि से 7 लाख रुपए, सत्यनारायण शर्मा ने विधायक निधि से 5 लाख रुपए का योगदान दिया है। अतिशीघ्र भवन का विधिवत उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष संजय यादव के आतिथ्य और नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक त्रिपाठी, चंद्रेश शाह, इंदिरा जैन, प्रकाश अग्रवाल, संजीव बसंत हुददार, धर्मेंद्र महोबिया, पूजा मिसालवर, श्वेता सिंह, संगीता जग्गी, जितेंद्र मिश्रा, प्रभा शेंद्रे के अतिरिक्त सभी कर्मचारी बालगृह और खुला आश्रय के बच्चे उपस्थित रहे।

### शुभा को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने शुभा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय हिंदी में कुंवर नारायण की काव्य संवेदना- आलोचनात्मक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य स्व. डॉ. रेणु सक्सेना एवं डॉ. रमेश अनुपम के मार्गदर्शन में किया। शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उनका शोध केंद्र रहा।

# सेटअप 1700 चिकित्सा विशेषज्ञों का, काम कर रहे 500, बाकी की भर्ती का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की योजना अभी कार्यरूप में सामने नहीं आ पाई है। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों के 1734 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या 499 है। इसकी वजह से कई अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के तमाम मेडिकल कालेज सहित जिला अस्पतालों में चिकित्सा विशेषज्ञों की तैनाती की जानी है, ताकि वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दूसरे अस्पताल रेफर करने की स्थिति ना हो और मरीजों को अपने गृहग्राम के समीप ही उपचार की बेहतर सुविधा मिल सके।

**1235 चिकित्सकों की भर्ती की योजना फिलहाल कागजों पर**

#### आरक्षण के पेंच में भर्ती परीक्षा

सरकारी अस्पतालों में तृतीय और चतुर्थ कर्मचारियों की भी भारी कमी है। इनकी भर्ती व्यापमं द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से की जानी है। सूत्रों का कहना है कि इसमें आरक्षण का पेंच फंसा हुआ है। राज्य में 20 हजार 809 पद की तुलना में 13 हजार 433 कर्मचारी कार्यरत हैं और 7376 पद पर भर्ती का इंतजार है।




#### जिला अस्पताल में नियुक्ति की मांग

पीजी की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों द्वारा अनुबंध सेवा के दौरान जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में ड्यूटी लगाने की मांग काफी समय से पहले की जा रही है। उनका तर्क है कि स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी-खांसी, बुखार का इलाज चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जा सकता है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है, इसलिए उनकी तैनाती स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं की जाए।

राज्य में उपचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बजट के दौरान मैनपॉवर की कमी को दूर करने की घोषणा की गई थी, जिसमें 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की जानी थी।

बजट को चार माह से अधिक का वक्त बीत चुका है, मगर इसमें अब तक किसी तरह काम नहीं हो पाया है। अभी ग्रामीण के साथ शहरी इलाकों में सर्जन, महिला एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है। इसके दांतों की बीमारी की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों को दंत रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति भी की जानी है। दंत रोग चिकित्सकों के सरकारी सिस्टम में अभाव की वजह से निजी अस्पतालों में मरीजों को महंगी फीस देकर इलाज कराना मजबूरी है।

### बरसते पानी में भीगते हुए जयस्तंभ चौक के पंडाल पर पहुंचे लोग

# शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार को दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राजधानी के जयसम्तंभ चौक पर महापौर एजाज ढेबर एवं उनकी परिषद के सदस्य, कार्यकर्ताओं ने शारदा चौक से तात्यापारा तक चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया। बारिश की परवाह किये बिना लोग इस जन आंदोलन में शामिल होने स्पॉट पर पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण करने हस्ताक्षर किया। इसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाओ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

■ जनआंदोलन में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

दरअसल, शारदा चौक से तात्यापारा तक करीब 700 मीटर की सड़क चौड़ीकरण का पेंच डेढ़ दशक से फंसा हुआ है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पीडब्लूडी विभाग को एजेंसी बनाकर सड़क चौड़ीकरण और प्रभावित व्यापारियों को मुआवज़ा देने 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। इस बीच सरकार बदलने पर 137 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। महापौर एजाज ढेबर ने जनहित के मुद्दे को अपनी परिषद के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। श्री ढेबर का कहना है कि शहर के बाटल नेक की इस सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से रोजाना हजारों लोग ट्रैफिक जाम में फंसने मजबूर हैं। यही नहीं, इस मार्ग के व्यापारियों का व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है। इस समस्या से निजात दिलाने शहरी सरकार चरणबद्ध आंदोलन कर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित कराने में लगी हुई है। अब तक महापौर एवं उनकी परिषद ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव, सचिव से लेकर रायपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क चौड़ीकरण का मामला सामने आया है।





#### राज्यपाल से मिलेंगे, मांगा है समय

महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस पार्षद दल और कार्यकर्ताओं के साथ हाल ही में रायपुर नगर निगम से तात्यपारा तक लोगों के साथ पदयात्रा कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसी कड़ी में शनिवार को शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। श्री ढेबर ने बताया आने वाले दिनों में उनकी परिषद राज्यपाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित करायेगी। इसके लिए राज्यपाल से मिलने के लिए आवेदन किया गया है। इसके बाद भी सड़क चौड़ीकरण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो चक्का जाम करने बाध्य होंगे। सड़क चौड़ीकरण के लिए चलाये गये हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, जितेन्द्र अग्रवाल, सुन्दर जोगी, अंजनी-राधेश्याम विभार, द्रोपती-हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष-निशा-देवेंद्र यादव, मनीराम साहू, राजा बंजारे सहित कार्यकर्ता मुख्य कर रूप से शामिल हुए।

# पीडब्ल्यूडी के दैवेभो श्रमिकों को ईपीएफ का लाभ नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के ईपीएफ कटौती का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन नहीं होने से केवल ईपीएफ में हर वर्ष 12 करोड़ से अधिक, जो दैनिक श्रमिकों का 12 प्रतिशत अंशदान है, वह भी लोक निर्माण विभाग को स्वयं से जमा करना पड़ रहा है। उसमें लगने वाला ब्याज और दंड राशि की गणना करें तो यह घाटा बढ़कर कई करोड़ तक पहुंच जाता है। राजस्व क्षति को नियंत्रित करना विभाग के अधिकारियों एवं वित्त नियंत्रकों के हाथ में है। इतनी बड़ी अनदेखी लगातार इतने वर्षों से की जा रही है, यह संदेहास्पद है। लोक निर्माण विभाग के दैनिक श्रमिक कल्याण संघ के कर्मचारियों ने इस संबंध में राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्यवाही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

■ श्रमिक कल्याण संघ ने राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को सौंपा ज्ञापन

मामले में नियमानुसार एक आदेश जारी कर, कटौती जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई है। विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता, वित्त नियंत्रक की लापरवाही से करोड़ों रुपए राजस्व हानि हो रही है। संघ ने कहा है कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# यार्ड-कबाड़ दुकानों में छापा, बिना दस्तावेज के मिले कबाड़ व कंडम गाड़ियां, छह सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशासनिक टीम ने शनिवार को राजधानी रायपुर के उरला और खमतराई सहित कई इलाके में संचालित कई यार्ड व कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान 6 यार्ड को सील किया गया।

कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम, नगर निगम और पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ उरला और खमतराई क्षेत्र में संचालित यार्डों में छापामार कार्रवाई करने निकली थी। इस दौरान टीम ने करीब दर्जनभर यार्ड में छापेमारी की। एसडीएम नंदकुमार चौबे ने बताया कि उरला व खमतराई क्षेत्र में कबाड़ का कार्य करने वाले मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद बिलाल, सईद खान, नईम के यार्ड में जांच करते हुए गुमास्ता तथा कबाड़ से संबंधित दस्तावेज की जांच की। इस दौरान जिनके दस्तावेज नहीं मिले, उन पुराने वाहन के कबाड़ को जब्त किया गया। इसके साथ ही एक यार्ड को सीलबंद किया। इसके अलावा लाखेनगर चौक के पास दीपक कुकरेजा के शॉप को सील करने की कार्रवाई की गई। हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने कबाड़ शॉप को तोड़ा गया। साथ ही लाखे नगर चौक से सारथी चौक तक हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड बाउंड्री के पास सरकारी जमीन में अवैध रूप से रखे गए 6 ठेलों को जब्त किया गया। रिंग रोड रायपुर चौक के पास दुर्गा इंटरप्राइजेस, हीरापुर के गणपत चैक के पास सोनू साहू, महादेवघाट पुल के पास मोहम्मद मोहसिन व हीरापुर के अब्दुल मलिक पर भी कार्रवाई की गई है। राजकुमार कॉलेज के सामने भी एक कबाड़ी दुकान पर कार्रवाई कर सीलबंद किया गया।

■ प्रशासनिक टीम ने यार्ड व कबाड़ दुकानों में की छापेमारी





#### साढ़े सात लाख का कबाड़ जब्त

प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए 5.50 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत 7 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त कबाड़ में पुराने इस्तेमाली वाहन ट्रक, कार, चारपहिया, दोपहिया के अलावा लोहा, स्क्रैप, रॉड, पाइप सहित अन्य कबाड़ है।

#### ये यार्ड हुए सीलबंद

रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक आसिफ, रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक रफीक, मेटल पार्क उरला रायपुर यार्ड संचालक शहबान, मेटल पार्क रोड रावांभाठा स्थित यार्ड संचालक बिलाल, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक शहीद खान, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक उस्मान एवं मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक नईम खान।

# गांव में फैला डायरिया, सात दिन में पैंतीस बीमार, स्वास्थ्य अमला सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तिल्दा ब्लाक के ग्राम मोहंदी में दूषित जल का उपयोग करने से डायरिया फैल गया। लगातार उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य अमला सक्रिय हुआ। बीते सात दिन में वहां करीब पैंतीस लोग बीमार हुए और बच्चों तथा महिलाओं को स्वास्थअय केंद्र में भर्ती कराना पड़ा। शनिवार को सीएमएचओ ने क्षेत्र का दौर कर राहत कार्यों का मुआयना किया

■ पीएचसी बंगोली में बच्चे, महिलाएं भर्ती, सीएमएचओ खुद पहुंचे

जानकारी के अनुसार गांव में उपयोग के लिए जिस जलस्त्रोत का उपयोग किया जाता है, उसमें किसी तरफ की समस्या आ गई थी। इसकी वजह से लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी थी। धीरे-धीरे समस्या बढ़ती गई और लोगों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करना पड़ गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने वहां शिविर लगाकर लोगों की जांच की, तो करीब पैंतीस लोगों को इसका शिकार पाया। गांव में रहने वालो को दवा का वितरण कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए। बीमार होने वालों में काफी संख्या महिलाओं और बच्चों की थी, जिसकी जानकारी होने के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को प्रभावित गांव का दौरा किया।



#### स्थिति नियंत्रण में

पिछले कुछ दिनों से गांव में उल्टी-दस्त जैसी शिकायत मिल रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां शिविर लगाकर जांच के बाद प्रभावितों का इलाज किया है। स्थिति अब नियंत्रण में है।

\- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

बिजनेस साइट

## सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज में आकाशवाणी द्वारा वर्कशॉप



**रायपुर।** महाविद्यालय स्तर पर चिंता और तनाव का प्रबंधन करने के लिए आकाशवाणी रायपुर द्वारा सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मनोविशेषज्ञ डॉ. डोगेंद्र सिंह परिहार ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को चिंता एवं तनाव का प्रबंधन करने के लिए महत्वपूर्ण बातें बताईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे ने छात्र-छात्राओं को सफलता एवं असफलता के बीच सामंजस्य बनाने तथा कठिन परिस्थितियों में हार न मानने की सीख दी। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में दी जाने वाली कोई भी परीक्षा जीवन से महत्वपूर्ण नहीं होती।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर फादर अमित तिर्की, उप प्राचार्य डॉ. जी. पद्मा गौरी, आकाशवाणी के डिप्टी डायरेक्टर लखन लाल भौर्या, असिस्टेंट डायरेक्टर पंकज मेश्राम, युववाणी प्रोग्राम एग्जिक्यूटिव सुमिता रॉय बर्मन, धर्मदीप डोंगरे, ट्रांसमिशन एग्जिक्यूटिव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रभारी महाविद्यालय की तृप्ति पशीने सिंह थी। आकाशवाणी की तरफ से कार्यक्रम की प्रस्तुति कुमारी ममता सोनी और अभिषेक बघेल ने दी।

## सिपेट में युवाओं को 6 माह का निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण

**रायपुर।** रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय पेट्रो-रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा, रायगढ़, सूरजपुर, कोरिया, सरगुजा, बलरामपुर, बिलासपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य के अनूपपुर, शहडोल, उमरिया के एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को 6 माह का निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके सफल छात्रों को उद्योगों में 2 लाख से लेकर 2.50 लाख तक के सालाना पैकेज में अभी तक रोजगार दिलाए जा चुके हैं।

इस रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम को 1200 छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है तथा अभी तक 800 छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम का लाभ ले लिया है। वर्तमान में 400 वैकेन्सी के लिए उचित लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए खनन प्रभावित जिलों में साक्षात्कार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

## शांति निकेतन कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ



**रायपुर।** चंगोराभाठा बाजार चौक पानी टंकी के पास स्थित शांति निकेतन कॉलेज में विभिन्न तकनीकी विषय विज्ञान, कंप्यूटर, वाणिज्य के अलावा पीजीडीसीए, डीसीए और एमएससी कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। शांति निकेतन कॉलेज के प्रमुख मुकेश गुप्ता के अनुसार कॉलेज में संचालित सभी विषय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। कॉलेज में स्पोकन इंग्लिश क्लासेस, पालकों के लिए मासिक रिपोर्ट, शैक्षणिक टूर, सेमीनार, लाइब्रेरी व छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाती है।

## भास्करा पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच लोकप्रिय



**रायपुर।** चंगोराभाठा, करण नगर स्थित भास्करा पब्लिक स्कूल (बीपीएस) एक उभरता हुआ विद्यालय है। 2022-23 से शुरू बीपीएस, शिक्षण पद्धतियों के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच लोकप्रिय है। बीपीएस में डिजिटल बोर्ड से ऑडियो-विजुअल कक्षाएं, एक्टिविटी बेस्ड टीचिंग, स्किल डेवलपमेंट, नृत्य-संगीत, भाषण, रचनात्मक लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य किया जा रहा है।

### रात साढ़े आठ बजे तक तीन सेमी. बारिश

# घंटेभर गरज-चमक के साथ जमकर बरसे बादल, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उमसभरी बेचैनी से एक बार फिर राहत मिल गई है। शनिवार को दोपहर घंटेभर तक शहर में जमकर बारिश हुई। इस दौरान बिजली चमकी और बादल जमकर गरजे भी। रात साढ़े आठ बजे तक शहर में तीन सेमी. तक बारिश हुई है। रविवार को भी शहर में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

मानसून द्रोणिका के फिर से प्रभावी होने की वजह से शनिवार को दिनभर रायपुर समेत अधिकांश प्रमुख शहरों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा। शहर में सुबह के वक्त उमस भरी बेचैनी थी, मगर दोपहर होते-होते काले बादल छा गए और बरसने लगे। बारिश काफी तेज रही। काफी देर होने की वजह से शहर के कई मार्गों पर पानी भर गया। इसके बाद शाम को भी हल्की बारिश का दौर चला।

मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार रात्रि साढ़े आठ बजे तक रायपुर में लगभग तीन सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा दिनभर में माना में करीब दो सेमी. बिलासपुर में डेढ़ सेमी. वर्षा हुई। रात होने के बाद रायगढ़ इलाके में भी झमाझम बारिश होती रही। अगले चौबीस घंटे में बारिश का प्रभाव बस्तर के साथ प्रदेश के मध्य इलाके में होने की संभावना अधिक है। माना जा रहा है कि राज्य में वर्षा की गतिविधि अब नियमित रूप से रहेगी।

#### 15 साल पहले 275 मिमी. बारिश

रायपुर में पंद्रह साल पहले यानी 14 जुलाई 2009 को चौबीस घंटे में सर्वाधिक 275 मिमी यानी 27 सेमी. से ज्यादा बारिश हुई थी। इसकी वजह से शहर में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। इसके बाद 31 जुलाई 2013 में 135 मिमी., 22 जुलाई 2014 में 162 मिमी. तक बारिश हुई थी।

# हरिभूमि सेहत भूमि

रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024

haribhoomi.com






# WORLD-CLASS EYE CARE WITHIN REACH

**ओम नेत्र केंद्र** शायद विश्व स्तर की उच्चतम गुणवत्ता वाली नेत्र स्वास्थ्य सेवा के लिए सबसे जाना-माना नाम है, जो राज्य में सबसे प्रीमियम और सबसे व्यापक नेत्र अस्पताल है। ओम नेत्र केंद्र के संस्थापक निदेशक डॉ. हर्षवर्धन गुप्ता मोतियाबिंद सर्जरी, चश्मे को लेजर से हटाने और सफल भेंगापन सुधार में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेत्र सर्जन हैं। ओम नेत्र केंद्र इस क्षेत्र में नेत्र देखभाल में अग्रणी और अग्रणी रहा है। आधुनिक मोतियाबिंद सर्जरी और मेडिकल रेटिना के विशेषज्ञ ओम नेत्र केंद्र के निदेशक डॉ. तन्मय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक को सबसे पहले पेश करने की नीति को जारी रखते हुए, ओम नेत्र केंद्र मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मा हटाने के लिए अपवर्तक सर्जरी दोनों में सबसे उन्नत और नवीनतम नवाचार पेश कर रहा है। ओम नेत्र केंद्र सबसे उन्नत ऑपरेशन थियेटर में निदान और सर्जरी दोनों के लिए दुनिया के सबसे हाई-टेक उपकरणों की मदद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहायता प्राप्त मोतियाबिंद सर्जरी की पेशकश करने वाला पहला केंद्र है। सभी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे को अनुभवी और सबसे प्रतिष्ठित सर्जनों डॉ. हर्षवर्धन गुप्ता और डॉ. तन्मय गुप्ता द्वारा समर्थित किया जाता है, इसके अलावा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आईओएल का एक गुलदस्ता है जो दूर के साथ-साथ पढ़ने के लिए भी क्रिस्टल स्पष्ट दृष्टि प्रदान करता है। ओम नेत्र केंद्र में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद चश्मा पूरी तरह से हटाना एक बोनस है। इसी तरह ओम नेत्र केंद्र में, हम इस क्षेत्र में सबसे पहले ट्रांस पीआरके नामक रोबोटिक लेजर सर्जरी की पेशकश करते हैं, जिसमें -0.50 से -12.00 और +0.50 से +4.50 तक के चश्मे को हटाने के लिए लेसिक, पीआरके, कस्टमाइज्ड लेसिक आदि जैसे अन्य सभी लेजर सर्जरी के तरीके शामिल हैं और साथ ही +- सिलेंडर से +-5.00 तक के चश्मे को हटाने के लिए भी। ओम नेत्र केंद्र लेंस आधारित अपवर्तक सर्जरी के साथ-साथ क्रमशः -30.00 और +15.00 तक के चश्मे के नंबर को हटाने में भी अग्रणी और अग्रणी है। ओम नेत्र केंद्र भेंगापन के सफल सुधार में भी अग्रणी और अग्रणी है। भेंगापन की सर्जरी किसी भी उम्र में की जा सकती है, लेकिन बेहतर होगा कि इसे बचपन में ही करवा लिया जाए, ताकि दोनों आँखों की अच्छी दृष्टि बनी रहे। मधुमेह और बुढ़ापे के कारण दृष्टि की हानि और अंधापन भी हो सकता है। ओम नेत्र केंद्र में हमारे पास निदान, लेजर उपचार और रेटिना विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा समर्थित सभी रेटिना समस्याओं की सर्जरी के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरण हैं। ओम नेत्र केंद्र उन कुछ केंद्रों में से एक है, जहाँ एक समर्पित सुपर स्पेशलिस्ट द्वारा कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सहित सभी कॉर्नियल रोगों का इलाज किया जाता है। ओम नेत्र केंद्र में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक, लेजर और सर्जिकल बैक अप के साथ एक समर्पित ग्लूकोमा विशेषज्ञ भी है। ओम नेत्र केंद्र न केवल सबसे प्रीमियम है, बल्कि छत्तीसगढ़ का एकमात्र सही मायने में व्यापक सर्वांगीण नेत्र देखभाल केंद्र भी है।

आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, हमारी आंखें सबसे ज़्यादा काम करती हैं। चाहे वो कंप्यूटर स्क्रीन हो, स्मार्टफोन, या टेलीविजन, हमारी आंखें लगातार काम में लगी रहती हैं। इसी कारण, नेत्र देखभाल का महत्व और भी बढ़ जाता है।

नेत्र देखभाल का मतलब सिर्फ चश्मे पहनना या समय-समय पर आंखों की जांच कराना ही नहीं है। यह एक समग्र प्रक्रिया है जिसमें उचित खान-पान, नियमित व्यायाम, और स्वस्थ जीवनशैली शामिल है। विशेषज्ञों के अनुसार, आंखों की सेहत के लिए विटामिन ए, सी, और ई का सेवन अत्यंत आवश्यक है। गाजर, पालक, और अंडे जैसी चीजें इन विटामिन्स के अच्छे स्रोत हैं।

इसके अलावा, डिजिटल युग में आंखों को डिजिटल स्ट्रेन से बचाना भी महत्वपूर्ण है। प्रत्येक 20 मिनट के बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की 20-20-20 नियम का पालन करें। इससे आंखों को आराम मिलता है और उनकी थकान कम होती है।




OM NETRA KENDRA & LASER VISION

तमसो मा ज्योतिर्गमय
FROM DARKNESS TO LIGHT

NABH CERTIFIED | QCI

छत्तीसगढ़ का विश्वस्तरीय प्रीमियम एवं व्यापक नेत्र चिकित्सा केंद्र

1st Time In Chhattisgarh

Artificial Intelligence Guided MICS Cataract Surgery

चश्मे से छुटकारा

Leaders in Cataract & Laser Surgery

मोतियाबिंद

मल्टीफोकल व टोरिक लेंस द्वारा दूर व नजदीक की दृष्टि बिना चश्मे के

ROBOTIC LASER

Robotic Bladeless Laser Surgery

प्रत्येक मरीज के अनुरूप लेज़र एवं परमानानेन्ट लेंस सर्जरी द्वारा 0.5 से 30 नंबर तक चश्मों से आज़ादी

अनुभव गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता के 30 वर्ष

3 Lac+ पेशेंट | 10,000+ सफल लेज़र ऑपरेशन

35,000+ मोतियाबिंद सर्जरी | 2500+ सफल तिरछेपन के ऑपरेशन

Scan to know more

Google Map Location

Google Reviews


ग्लूकोमा (Lasers & Surgery)

रेटिना Medical & Surgical Retina

कॉर्निया प्रत्यारोपण

भेंगापन का सफल ऑपरेशन प्रदेश में प्रथम एवं अग्रणी













Zeiss Lasik

Worlds Best MICS (1.8-2.22mm) Phaco Machine

Zeiss OCT

International Standards Modular OTwith laminar airflow and HEPA filters



डॉ.हर्षवर्धन गुप्ता
मोतियाबिंद ,लेसिक एवं बाल नेत्र रोग (तिरछापन) विशेषज्ञ

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें

1800 8911 898 | 70900-17559 | 0771-3510700 omnetrakendralaservision.com

TIMING : 10:00 AM TO 8:00 PM | OPEN ON SUNDAY

सभी प्रमुख इंस्युरेन्स TPA ,HITPA , Niva Bupa , Star Health , HDFC Ergo प्रमुख कंपनी द्वारा Cashless ईलाज की सुविधा

CG Govt , CSPDCL, FCI,CSEB कार्ड धारकों के लिए भी ईलाज की सुविधा।



डॉ.तन्मय गुप्ता
मोतियाबिंद ,लेसिक एवं मेडिकल रेटिना विशेषज्ञ

पता :C-108, टेगोर नगर, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024
haribhoomi.com



# त्वचा की देखभाल कैसे रखें?





त्वचा हमारे शरीर का सबसे बड़ा अंग है और यह हमारे स्वास्थ्य और सुंदरता का प्रमुख हिस्सा है। त्वचा की देखभाल न केवल सौंदर्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। एक सही स्किन केयर रूटीन त्वचा को स्वस्थ, चमकदार और युवा बनाए रखने में मदद करता है। इस लेख में, हम त्वचा की देखभाल के महत्व, विभिन्न प्रकार की त्वचा, और स्वस्थ त्वचा के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## त्वचा की देखभाल का महत्व

त्वचा की देखभाल कई कारणों से महत्वपूर्ण है:-

**सौंदर्य :** साफ, चिकनी और चमकदार त्वचा हमारी आत्म-विश्वास को बढ़ाती है।

**स्वास्थ्य :** त्वचा हमें बाहरी तत्वों जैसे सूरज की किरणें, प्रदूषण, और हानिकारक बैक्टीरिया से बचाती है।

**उम्र बढ़ने के संकेत :** उचित देखभाल से त्वचा पर उम्र बढ़ने के संकेत जैसे झुर्रियां और फाइन लाइंस कम होते हैं।

**त्वचा की समस्याएं :** सही देखभाल से एक्ने, ड्राइनेस, और सनबर्न जैसी समस्याओं को रोका जा सकता है।

## विभिन्न प्रकार की त्वचा

हर व्यक्ति की त्वचा अलग होती है, और उसे ध्यान में रखते हुए स्किन केयर रूटीन का चयन करना चाहिए। मुख्यतः त्वचा के चार प्रकार होते हैं:-

**1. तैलीय त्वचा (Oily Skin) :** इस प्रकार की त्वचा में अधिक तेल उत्पादन होता है, जिससे पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं और एक्ने हो सकते हैं।

**2. सूखी त्वचा (Dry Skin) :** इस प्रकार की त्वचा में नमी की कमी होती है, जिससे त्वचा रूखी और खुरदरी हो जाती है।

**3. संवेदनशील त्वचा (Sensitive Skin) :** यह त्वचा आसानी से जलन, लालिमा और खुजली का अनुभव करती है।

**4. सामान्य त्वचा (Normal Skin) :** इस प्रकार की त्वचा में तेल और नमी का संतुलन सही होता है और यह कम समस्याओं का सामना करती है।

**5. मिश्रित त्वचा (Combination Skin) :** इस प्रकार की त्वचा में कुछ हिस्से तैलीय और कुछ हिस्से सूखे हो सकते हैं।

## स्वस्थ त्वचा के लिए जरुरी कदम

**1. क्लींजिंग (Cleansing) - महत्व :** त्वचा की सफाई बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह धूल, गंदगी, तेल और मेकअप को हटाता है।

**कैसे करें :** दिन में दो बार एक माइल्ड क्लींजर से चेहरा धोएं। तैलीय त्वचा के लिए फोमिंग क्लींजर और सूखी त्वचा के लिए क्रीमी क्लींजर का प्रयोग करें।

**2. टोनिंग (Toning) - महत्व :** टोनर पोर्स को बंद करता है और त्वचा को तरोताजा करता है।

**कैसे करें :** क्लींजिंग के बाद एक सौम्य टोनर का उपयोग करें। अल्कोहल-फ्री टोनर बेहतर होते हैं क्योंकि वे त्वचा को नहीं सुखाते।

**3. मॉइस्चराइजिंग (Moisturizing)-महत्व :** मॉइस्चराइजर त्वचा को हाइड्रेट करता है और नमी को बनाए रखता है।

**कैसे करें :** त्वचा के प्रकार के अनुसार मॉइस्चराइजर का चयन करें। तैलीय त्वचा के लिए जेल-बेस्ड और सूखी त्वचा के लिए क्रीम-बेस्ड मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।

**4. सन प्रोटेक्शन (Sun Protection) - महत्व :** सूर्य की हानिकारक किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं और उम्र बढ़ने के संकेतों को बढ़ा सकती हैं।

**कैसे करें :** एसपीएफ 30 या उससे अधिक के सनस्क्रीन का प्रतिदिन उपयोग करें, चाहे आप घर के अंदर हों या बाहर। धूप में बाहर जाने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं।

**5. एक्सफोलिएशन (Exfoliation) - महत्व :** एक्सफोलिएशन मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है और नई त्वचा को उजागर करता है।

**कैसे करें :** सप्ताह में एक या दो बार सौम्य एक्सफोलिएंट का उपयोग करें। बहुत अधिक एक्सफोलिएशन से त्वचा में जलन हो सकती है।

**6. हाइड्रेशन (Hydration) - महत्व :** शरीर के अंदर से हाइड्रेशन भी त्वचा की सेहत के लिए आवश्यक है।

**कैसे करें :** प्रतिदिन कम से कम 8 गिलास पानी पिएं और हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ जैसे फल और सब्जियां खाएं।

**7. स्वस्थ आहार (Healthy Diet) - महत्व :** आपका आहार भी आपकी त्वचा की सेहत को प्रभावित करता है।

**कैसे करें :** विटामिन्स, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर आहार का सेवन करें। जंक फूड और शक्कर का सेवन कम करें।

**8. नींद (Sleep) - महत्व :** पर्याप्त नींद त्वचा की मरम्मत और पुनर्जीवन में मदद करती है।

**कैसे करें :** हर रात कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें।

**9. व्यायाम (Exercise) - महत्व :** नियमित व्यायाम त्वचा में रक्त संचार को बढ़ाता है और त्वचा को चमकदार बनाता है।

**कैसे करें :** योग, दौड़ना, या कोई अन्य शारीरिक गतिविधि अपनाएं।

**10. तनाव प्रबंधन (Stress Management) - महत्व :** तनाव त्वचा की समस्याओं को बढ़ा सकता है।

**कैसे करें :** ध्यान, योग, और गहरी सांस लेने की तकनीकों का अभ्यास करें।

## त्वचा की समस्याएं और उनके समाधान

**1. एक्ने (Acne) - समस्या :** पोर्स के ब्लॉक होने से एक्ने हो सकता है।

**समाधान :** तेल-मुक्त उत्पादों का उपयोग करें और त्वचा को साफ रखें। एक्ने के लिए बेंज़ोयल पेरोक्साइड या सैलिसिलिक एसिड वाले उत्पाद लाभकारी हो सकते हैं।

**2. रूखी त्वचा (Dry Skin)- समस्या :** त्वचा में नमी की कमी से यह रूखी हो जाती है।

**समाधान :** हाइड्रेटिंग क्लींजर और गहरे मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। गर्म पानी से बचें और गुनगुने पानी से स्नान करें।

**3. झुर्रियां (Wrinkles) - समस्या :** उम्र बढ़ने के साथ त्वचा की इलास्टिसिटी कम हो जाती है।

**समाधान :** एंटी-एजिंग उत्पादों का उपयोग करें जो रेटिनॉल और विटामिन C युक्त हों। त्वचा को धूप से बचाएं।

**4. सनबर्न (Sunburn) - समस्या :** धूप में अधिक समय बिताने से त्वचा जल सकती है।

**समाधान :** एलोवेरा जेल का उपयोग करें और ठंडे पानी से त्वचा को धोएं। सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करें।

Since 1995
Dr. BAGRECHA'S CLINIC
SKIN • HAIR • OBESITY • PHYSIO • HOMEO
PHYSIOTHERAPY
(Pain Management)

फिजियोथेरेपी क्या है -
यह एक अत्याधुनिक भौतिक चिकित्सा है, जिसमें माँसपेशियों व हड्डीयों नसों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का बिना दवा के व्यायाम/Exercises अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज बहुत कम समय में किया जाता है।

आईये जानें- कौन-कौन सी बीमारियों को फिजियोथेरेपी से ठीक किया जाता है...

BONES RELATED PROBLEM
- Arthritis (सभी प्रकार के जोड़ दर्द)
- Cervical & Lumbar Spondylosis
- Frozen Shoulder (कंधा जाम होना)
- Calcaneal Spur (एड़ी की हड्डी बढ़ना)
- Prolaspe Disc (स्लिप डिस्क)
- Tennis Elbow
- फ्रेक्चर/प्लास्टर उपरांत जकड़न

NERVES RELATED PROBLEM
- Paralysis (लकवा)
- Neuropathy (झुनझुनी/सुत्र पड़ना)
- Bels Palsy (चेहरे का लकवा)
- Vertigo (चक्कर आना)
- Parkinson's Disease
- Wrist/Foot Drop
- Cerebaral Palay

WHY ONLY BAGRECHA PHYSIOTHERAPY CLINIC
- 28 Years of Experience
- Expertise staff
- Personalised Treatment by ultra modern machine

MUSCLES/TENDON RELATED PROBLEM
- Muscular Sprain (मोच)
- Torticollis Neck (गर्दन में जकड़न)
- Soft Tissue Injury
- Sports/Gym Injury
- Muscular Distrophy (मांसपेशियों का कमजोर होना)

ADVANCED MACHINES TO TREAT IN PHYSIOTHERAPY
- SWD (Short Wave Diathermy)
- LASER • CPM
- Galvanic & Faradic Stimulator
- MDA. (Micro Derma Abbrasion)
- Cervical & Lumber Traction
- IFT (with Russion Frequency)
- Long Wave Diathermy
- Muscles Stimulator
- Moist Heal Therapy
- Ultrasound Therapy
- Paraffin Wax Therapy & many more.


उत्कृष्ट कार्यों के लिए भू.पू.मा. राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित


1 जुलाई 2024 Docter's Day पर आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री जी के करकमलो द्वारा SUSHRUTA AWARD प्राप्त हुआ

हमारे क्लिनिक की 29 वर्ष
पूर्ण: विश्वास और सेवा का सफर
इस अवसर पर
नि:शुल्क
15 से 22 जुलाई तक परामर्श एवं ईलाज सेवा


DR. NAVEEN BAGRECHA
BPT, DHMS, DI HOM (LONDON)
(EX. HONY PHYSIOTHERAPIST TO GOVERNOR OF C.G.)

Since 1995
Dr. BAGRECHA'S CLINIC
SKIN • HAIR • OBESITY • PHYSIO • HOMEO
COSMETOLOGY
(Non-Surgical)

मोटापे को कम करने के लिए
US Approved - Ultrasound Lipolysis
इस तकनीक से एक्स्ट्रा फेट को उपर से निचली सतह तक हाई फ्रीक्वेंसी वेव से फैट को मेल्ट/पिघलता जाता है। इन मशीनों द्वारा शरीर के किसी भी हिस्से का फैट कम किया जाता है। इसे 2 से 5 इंस व 3 से 6 किलो तक मोटापा हर जगह से कम किया जा सकता है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है।



Face & Bust Lifting
यह मशीन आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा है व डेड सेल्स को एक्टिव करता है। इससे चेहरे की झाईयों को दूर किया जाता है और Bust (स्तन) का Lifting, Enhacement & Reduction (बिना सर्जरी) के किया जाता है।





Skin Rejuvenation
Newly Launched Laser (Us approved Machine) द्वारा
- Hollywood Facial
- Hydra Facial
- Tattoo Removal

Laser for Skin & Permanent Hair Removal
लेसर द्वारा निकली हुई अल्ट्रारेज़ हेयर ग्रोथ को नष्ट करती है जिससे दोबारा उस जगह पर बाल की ग्रोथ बंद हो जाती है। यहा पूरी तरह पड़ने का डर नहीं रहता।




DR. RISHA BAGRECHA
DHMS, CCH (BOM.)
(HOMOEA & CERTI. COSMETOLOGIST)

डॉ. बागरेचा क्लिनिक
INDRALOK APARTMENT, NEAR MOTIBAGH CHOWK, RAJBHAWAN RAOD, RAIPUR (C.G.) Email- drbagrechaclinic@gmail.com
PH: 0771-4025707, 9111232111, 98261-59697

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024
haribhoomi.com





# क्रिटिकल केयर एंड एनेस्थीसिया

डिपार्टमेंट ऑफ क्रिटिकल केयर एंड एनेस्थीसिया (DCCA) चिकित्सा क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है जो गंभीर रूप से बीमार रोगियों की देखभाल और सर्जिकल प्रक्रियाओं के दौरान दर्द प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विभाग का उद्देश्य रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है।

## क्रिटिकल केयर यूनिट (CCU)

क्रिटिकल केयर यूनिट (CCU) गंभीर स्थिति में आए रोगियों की देखभाल के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई इकाई है। यहां पर अनुभवी चिकित्सक, नर्स, और अन्य स्वास्थ्यकर्मी दिन-रात रोगियों की देखभाल करते हैं। CCU में निम्नलिखित सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध होती हैं:

**24/7 निगरानी :** रोगियों की स्थिति की निरंतर निगरानी की जाती है।

**उन्नत चिकित्सा उपकरण :** जीवन रक्षक उपकरण जैसे वेंटिलेटर, मॉनिटर, इन्फ्यूजन पंप आदि।

**विशेषज्ञ टीम :** प्रशिक्षित चिकित्सकों और नर्सों की टीम जो गंभीर रोगियों की देखभाल में विशेषज्ञता रखती है।

**त्वरित उपचार :** त्वरित और सटीक चिकित्सा हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जाता है।



## एनेस्थीसिया सेवाएं

एनेस्थीसिया का उद्देश्य सर्जरी या अन्य चिकित्सकीय प्रक्रियाओं के दौरान रोगियों को दर्द और असुविधा से मुक्त रखना है। एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) रोगी की स्थिति, चिकित्सा इतिहास और सर्जरी के प्रकार के आधार पर उपयुक्त एनेस्थीसिया तकनीक का चयन करते हैं। एनेस्थीसिया सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

**सामान्य एनेस्थीसिया :** पूरे शरीर को निष्क्रिय करके रोगी को बेहोश करना।

**क्षेत्रीय एनेस्थीसिया :** शरीर के विशेष भाग को निष्क्रिय करना।

**स्थानीय एनेस्थीसिया :** केवल एक छोटे हिस्से को निष्क्रिय करना।

**प्रिडिक्टिव एनेस्थीसिया :** उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए विशेष देखभाल और तैयारी।

## प्रशिक्षित स्टाफ और उनकी भूमिका

DCCA में काम करने वाले चिकित्सा पेशेवरों को गहन प्रशिक्षण और अनुभव की आवश्यकता होती है। यह विभाग न केवल चिकित्सकों बल्कि नर्सों, तकनीशियनों, और अन्य सहायक स्टाफ के योगदान पर निर्भर करता है। इन पेशेवरों की भूमिका निम्नलिखित है:-

**एनेस्थेसियोलॉजिस्ट :** एनेस्थीसिया प्रदान करना और सर्जरी के दौरान रोगियों की निगरानी करना।

**क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ :** गंभीर रोगियों की देखभाल और उपचार योजना तैयार करना।

नर्सें : रोगियों की निरंतर निगरानी और देखभाल करना।

**रेस्पिरेटरी थेरेपिस्ट :** श्वसन संबंधी समस्याओं का उपचार करना।

**फार्मासिस्ट :** आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और उनकी सही खुराक सुनिश्चित करना।

## नवीनतम तकनीक और अनुसंधान


DCCA में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और अनुसंधानों का उपयोग किया जाता है। उन्नत उपकरण और नई चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग रोगियों की देखभाल में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां कुछ नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों के उदाहरण दिए गए हैं:

**एडवांस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम्स :** रोगियों की स्थिति की सटीक निगरानी के लिए।

**टेलीमेडिसिन :** दूरस्थ रोगियों की देखभाल के लिए।

**सिमुलेशन ट्रेनिंग :** चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**नई दवाएं और उपचार :** अनुसंधान के माध्यम से विकसित नई चिकित्सा पद्धतियां।



## लाइव इवेंट

## रूट कैनाल दंत प्रक्रिया से अब अंदर तक जटिल बैक्टीरिया हो रहे खत्म



**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स ने शनिवार को एक दिवसीय सीडीई एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका विषय रूट कैनाल इरीगेशन था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. मंदार पिंपरीकर, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र वाढेर, छत्तीसगढ़ राज्य दंत परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. अमित वास्ती, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. संजीव कुंहप्पन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वविख्यात डॉ मंदार पिंपरीकर थे। डॉ. मंदार पिंपरीकर, जिनके द्वारा एक विशेष उपकरण, जिसका नाम सीआरसीसी इरीगेटर उपकरण है, उसका आविष्कार किया गया है। इस विशेष उपकरण में अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे कि नेगेटिव प्रेशर एवं पॉजिटिव प्रेशर, एक ही समय पर इरीगेटिंग सॉल्यूशन का गर्म होना एवं रूट कैनाल में उसका उपयोग ऐसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। वे देश , विदेश में इस विषय पर अनेक कार्यशाला व शोधकार्य के लिए सुप्रसिद्ध हैं। उन्होंने इस उपकरण के माध्यम से मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर देश का मान बढ़ाया है।

### रूट कैनाल उपचार की सफलता दर बढ़ी

कार्यशाला में मुख्य वक्ता ने रूट कैनाल विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बताया गया कि दांत के रूट कैनाल की संरचना बहुत ही जटिल होती है। जब कोई इन्फेक्शन दांतों में लगता है तो बैक्टीरिया इन जटिल संरचनाओं में बहुत अंदर तक प्रवेश कर जाते हैं, जिनको सामान्य विधियों द्वारा हटाया नहीं जा सकता, लेकिन उनके इस विशेष उपकरण द्वारा अब रूट कैनाल की जटिल संरचनाओं से बैक्टीरिया को हटाना संभव हो पाया है। इससे रूट कैनाल उपचार की सफ़लता दर बढ़ गई है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता द्वारा लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन भी दिया गया, जिसका लाभ वहा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, इंटर्न के साथ-साथ मरीजों को भी मिला। कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुंहप्पन द्वारा इस विशेष उपकरण एवं उसके प्रशिक्षण देने के लिए मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया गया।

● मनोचिकित्सकों की सलाह-बच्चों से ना छुड़ाएं कलम, मस्तिष्क निर्माण के लिए लेखन जरूरी

# कलम से लिखने पर बच्चों का दिमाग होगा तेज मोबाइल में वाइस की जगह टायपिंग को दें प्राथमिकता

"भारतीय संस्कृति में लेखन की परंपरा कई सौ साल से चली आ रही है। जहां शिक्षा के लिए हमेशा कलम का उपयोग किया गया है। सामान्य तौर पर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रतिभागियों को प्रश्नों का जवाब लिखना होता है, जिसके आधार पर ही उनके अंक निर्धारित होते हैं, परीक्षा से पूर्व ही लेखनशैली में सुधार से लिए केंद्रों व परिवार के सदस्यों द्वारा तैयारी कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

**रायपुर।** आज हम आधुनिक दौर में बच्चों की लेखनशैली की बात करने जा रहे हैं, जो धीर-धीरे समाप्त होती जा रही है। साथ ही बच्चों से लेकर बड़ों तक किताब पढ़ने में रुचि भी कम हो रही है। लेखन और पाठन दोनों अपने आप में महत्वपूर्ण है, जो जीवन को आसान और नेतृत्वकर्ता बनाने में मदद करता है। आधुनिकता के साथ लोग 'वॉइस टाइपिंग' की ओर बढ़ते जा रहे हैं, यह एक प्रकार का एप्लिकेशन है, जिसकी मदद से आपके बोलने वाले वाक्यों को शब्दों के रूप में तैयार करते हैं।





**लेखन के दौरान आपकी उंगलियां मुद्रा स्वरूप में होती हैं : प्राचार्य**

*निजी विद्यालय की प्राचार्या हर्षा तिवारी ने बताया, जब कोई व्यक्ति अपने विचारों को लिखता है तो वह उनकी परमानेंट मेमोरी में सेव हो जाता है, जिससे बच्चों या बड़ों के मन में सकारात्मक विचार बनते हैं। कलम से लेखन के दौरान उंगलियों का जोड़ एक प्रकार से मुद्रा के रूप में होता है। इसलिए कलम से लिखने वाली प्रत्येक चीजों को हम लंबे समय तक याद रखते हैं। इस आधुनिकता के दौर में बच्चों संग बड़े भी वॉइस टाइपिंग का उपयोग करने लगे हैं। वहीं एक लघु व्यापारी से लेकर गृहिणी तक अपने प्रत्येक माह के खर्च को लिखती है, जो उन्हें लंबे समय तक माइंड में सेव होता है। लगातार वॉइस टाइपिंग से मेमोरी पॉवर वीक होने का साथ ही कुछ नया सोचने की इच्छा समाप्त हो जाती है। इससे बचाव के लिए माता-पिता रोजाना बच्चों में दो-दो पेज लिखने की आदत बनाएं। साथ ही रोजाना डायरी मेंटेन करने की शुरुआत करें, जिसमें दिनचर्या की बातें क्रमबद्ध रूप से लिखी हों।*

### किताब पढ़ने से सकारात्मक विचार



किताब प्रेमियों की संख्या में लगातार कमी देखने को मिल रही है, लोग मोबाइल की मदद से जानकारी लेना पसंद कर रहे हैं, लेकिन किताब पाठन के कई लाभ हैं, जिससे आपके जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। रोजाना किताब पढ़ने की आदत से व्यक्ति में सकारात्मक सोच बनती है, साथ ही नए विचार उत्पन्न होते हैं। बच्चों संग बड़ों में भी धैर्य निर्मित होता है, साथ ही विभिन्न विषयों में ज्ञान बढ़ता है।

### माता-पिता करें बच्चों को प्रोत्साहित

मनोवैज्ञानिक डॉ. डीएस परिहार ने बताया, वॉइस टाइपिंग का अधिक उपयोग एक चिंता का विषय है। विद्यार्थी जीवन में लेखनशैली का अधिक महत्व होता है, जो उनके परीक्षा परिणाम में देखने को मिलता है। विद्यालय व महाविद्यालय जीवन में परीक्षा के दौरान लिखने से अच्छे अंक हासिल करने का मौका विद्यार्थी खोते जा रहे हैं, जिससे उन्हें कम अंक में ही संतुष्ट होना पड़ रहा है। इस प्रकार की समस्या लिखने की आदत में कमी के कारण हो रही है, जिसके चलते उनके विद्यार्थी जीवन में प्रभाव देखा जा सकता है। परिजनों को समय प्रबंधन का प्रयोग करना होगा, जिसमें वे बच्चों को रोजाना कलम से लिखने के लिए प्रोत्साहित कर सकें। लिखने से व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति में वृद्धि, ज्ञान में बढ़ोत्तरी, बोलने की समझ और सोच विकसित होती है।

### रोजाना बच्चों को दें टास्क

*मनोवैज्ञानिक डॉ. अशफाक हुसैन ने बताया, वॉइस टाइपिंग से व्यक्ति की लिखने की आदत लगातार कम होती जाएगी, जिसका सीधा प्रभाव परीक्षा के दौरान देखा जा सकता है, जहां प्रतिभागियों को समय प्रबंधन के अनुसार जवाब देने में समस्या आएगी। इस प्रकार की समस्या होने पर परिजन बच्चों को रोजाना टास्क दें, जिससे उनमें क्रिएटिविटी बढ़ेगी।*

### मोबाइल से पढ़ाई बंद करें

*पढ़ाई करना एक कला है, वहीं किताब से पढ़ने और मोबाइल से पढ़ने में अंतर देखा गया है। किताब पाठन के दौरान नए वाक्य एवं शब्द बनते हैं। वहीं मोबाइल से पढ़ाई करने से व्यक्ति के दिमाग में तनाव पैदा होता है, जिससे कुछ ही समय में पढ़ने की इच्छाशक्ति खो जाती है और आंखें बंद होने लग जाती हैं।*

## सिटी इवेंट

## 138 व्यंजन और केक काटकर भक्तों ने मनाया सतगुरु साईं टेंऊंराम का जन्मोत्सव



**रायपुर।** श्री प्रेम प्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर में पिछले 40 दिन से चल रहे आचार्य श्री सतगुरु स्वामी टेंऊंराम के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आश्रम द्वारा प्रभात फेरी तड़के 5.30 बजे से निकाली गई। यह प्रभात फेरी टैगोर नगर शैलेंद्र नगर का भ्रमण करते हुए 7.30 बजे वापस दरबार साहिब में संपन्न हुई। दरबार के सेवादारी सर्वानंद मंधान, सुभाष बजाज, बलराम पी. आहूजा, विजय मोटवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि इसके बाद दरबार साहिब में हवन का आयोजन किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें 138 व्यंजनों का भोग लगाया गया और 138 केक काटे गए। इस अवसर पर श्री टेंऊंराम महाराज के जीवन चरित्र से जुड़ा एक दृष्टांत भी बच्चों द्वारा दर्शाया गया। दिल्ली से पधारे भगत दीपक ने समां बांधा और दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। इस दौरान 138 जोड़ों द्वारा सामूहिक आरती भी की गई।

### श्रीमद भागवत गीता का पाठ

शाम को श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब और श्रीमद भागवत गीता का पाठ, भोग भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। पिछले सप्ताह रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 138 लोगों ने रक्तदान किया। श्री प्रेम प्रकाश आश्रम महिला मंडल , बालिका मंडली और श्री प्रेम प्रकाश युवा मंडल का विशेष योगदान रहा। रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, बलराम आहूजा, तनेश आहूजा, सर्वानंद मंधान, सुभाष बजाज, अशोक मंधान, जीवत बजाज, विजय मोटवानी, राजा छबलानी, कमल बालानी, सीमा नचरानी, भारती आहूजा, गीता आहूजा, राजू चंदनानी आदि उपस्थित थे।

## महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़, भजन से भगवान नेमिनाथ की आराधना

**रायपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव आषाढ़ शुक्ल सप्तमी में आयोजित किया गया। इस दौरान शहर स्थित प्रत्येक दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई, जहां भक्त मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में शामिल हुए। शनिवार को शांतिधारा करने का सौभाग्य महेंद्र कुमार जैन परिवार को दिया गया। पूजा के साथ ही भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन के बाद मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य एवं निर्वाण लाडू गोला अर्पित किए गए। इस दौरान श्रेयश जैन बालू, महेंद्र कुमार जैन, प्रवीण जैन, राशु जैन, धीरज गोधा, प्रणीत जैन, कुमुद जैन उपस्थित रहे।



**मोक्ष कल्याणक महोत्सवः** मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया, जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मंदिर परिसर में मनाया गया। इस दिन भगवान नेमीनाथ को मोक्ष पद की प्राप्ति हुई थी। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 8.30 बजे सर्वप्रथम मंगलाष्टक पाठ के साथ प्रारंभ किया गया, जहां जलशुद्धि मंत्र पढ़कर प्रासुक जल शुद्ध किया गया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने अभिषेक पाठ प्रारंभ कर श्री खगासन की प्रतिमा को पांडुकक्षिला में चंदन केसर से श्रीकार लेखनम कर विराजमान किया।

रीजनल साइंस सेंटर के स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता

## बच्चों ने सीखा साइंस का फंडा चित्रकला में दिखाई प्रतिभा

**रायपुर।** साइंस सेंटर में 13वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ओपन हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें विभिन्न शहरों से लगभग 21 शासकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस योजना से छात्रों को विज्ञान संबंधित गतिविधियों में शामिल होने, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने, विशेष संसाधनों और कार्यक्रमों तक पहुंचने के लिए मंच दिया गया।



### ये रहे विजेता

- प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्वाति जैन और रत्नाभ असाती, द्वितीय पुरस्कार आरव शर्मा और आदित्य भोजवानी रहे।
- वाद विवाद स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार सौम्या साहू को मिला।
- चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दिव्या, द्वितीय पुरस्कार रेशमा साहू को दिया गया।

### विद्यार्थियों को मिला मंच

साइंस सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज ने कहा, हमारा उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को विज्ञान अपनाने के लिए प्रेरित करना व समाज के व्यक्तियों तक सकारात्मक प्रभाव निर्मित करना है। सेंटर के परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंग ने कहा, कार्यक्रम का उद्देश्य युवा दिमाग को विज्ञान के दिशा में प्रोत्साहित करने का है। इस दौरान निर्णायक अरिजीत गोस्वामी, भावना प्रजापति, डॉ. आर. जाया कुमार, भारती सक्सेना, डॉ. प्रदीप सिंग व अंकित लुनिया उपस्थित रहे।

### प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व चित्रकला स्पर्धा

विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने वैज्ञानिक अवधारणाओं का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आशीर्वाद या अभिशाप जैसे अनेक विषयों को शामिल कर अपने-अपने विचार रखे गए। इस दौरान प्रतिभागियों की सोच व नए विचारों से प्रभावित होकर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के कार्यों को सराहा। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण के अनुकूल भविष्य से संबंधित विषयों पर कला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कल्पना को व्यक्त किया।

## नृत्य में भारतीय संस्कृति की झलक जेसीआई ने गिनाई जिम्मेदारी

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस सीआर रेखेश शर्मा के स्वागत पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोवर और रेंजर टीम द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। समारोह के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाविद्यालय परिसर में जेसीआई कक्ष का उद्घाटन किया। साथ ही समाज के विभिन्न जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर का दान किया गया। समारोह में जोसीआई सचिव जेसी रौनक बेंगानी, जेसी जसकृत भाटिया, जेसी खुशी मेघानी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा, चैप्टर इंचार्ज जेसी ऋषि पांडेय, अध्यक्ष जेसी अभिजीत अग्रवाल, सेक्रेटरी जेसी रौनक बेंगानी व अन्य महाविद्यालय के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यार्थियों द्वारा दी गई, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति रही। महाविद्यालय के सभागार में हुए कार्यक्रम में जेसीआई के विभिन्न स्थानों में उपलब्धियों को दिखाया गया। स्वागत समारोह में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुति करते हुए, विद्यार्थियों द्वारा नृत्य तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन जेसी हर्ष सिंघ ठाकुर और जेसी सेजल जैन द्वारा किया गया।

### जेसीआई से छात्रों में समाज के प्रति जिम्मेदारी विकसित

समारोह के दौरान कॉलेज के जेसीआई सदस्यों, जेसी करमप्रीत और जेसी जसकृत भाटिया ने संबोधन में अपने अनुभव साझा किए और कहा जेसीआई में शामिल होने के पश्चात कई सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला, जो व्यक्ति के जीवन में प्रेरणा स्वरूप है । छात्रों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, जेसीआई ने उन्हें नेतृत्व, समाजसेवा और व्यक्तिगत विकास के लिए कई अवसर प्रदान किए हैं। इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन जेसीआई राजेश अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। कहा, जेसीआई जैसे संगठन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, साथ ही उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं।

लालपुर में समाजसेवी की पहल पर 6 साल पहले बना गार्डन

# चुनिंदा लोगों की भागीदारी से अटल उद्यान गुलजार इसमें ओपन जिम, योग व क्रिकेट टर्फ की सुविधा

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। नगर निगम के कई उद्यानों में प्रयोग के नाम पर पुरानी सुविधाएं भी गायब हो गई हैं। ऐसे दौर में लालपुर की पॉश कालोनियों के बीच निगम द्वारा 7 साल पहले विकसित किया गया ऐसा गार्डन है, जिसकी जिम्मेदारी वॉलफोर्ट सिटी में रहने वाले सुनील पांडेय ने उठाई। इसे संवारने और बचाने के लिए वे हर महीने खुद 30 हजार रुपए खर्च कर रहे हैं। इसमें बड़े बजट की जरूरत पड़ने पर आसपास के चुनिंदा लोग अटल उद्यान को बचाने में भागीदारी देते हैं। इस उद्यान में अभी हर वर्ग के लोगों को सुविधा मिल रही है। इसमें बुजुर्गों के लिए बापू की कुटिया में गीत-संगीत व मनोरंजन तो क्रिकेट के शौकीन युवाओं को प्रैक्टिस के लिए क्रिकेट टर्फ भी मिल रहा है। इस गार्डन को पूर्व राज्यपाल के हाथों पीपीपी मोड पर संचाालित गार्डन के रूप में श्रेष्ठ उद्यान का दर्जा मिला। इसके संचालन में डॉ. यूसुफ मेमन, आशीष अग्रवाल, संतोष सिंह, नवनीत पाटिल भी सहयोग देते हैं।



### अब हर जरूरी सुविधा, ओपन जिम..

*गार्डन की कमान अभी सुनील पांडेय ही संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2017 के पहले जहां पर अभी गार्डन है, उस सरकारी जमीन पर लोग अवैध कब्जा करने लगे थे। गंदगी फैलाने वाले लोग पशुपालन करने लगे थे। 8 फीट ऊंचे मलबे का ढेर लगा दिया था। जमीन को गार्डन के लिए सुरक्षित करने का आग्रह करने पर निगम प्रशासन ने समतल कराने के बाद काम करने का भरोसा दिलाया। 15 हाइवा मलबे को हटवाने के बाद निगम ने करीब दो एकड़ क्षेत्र की बाउंड्री, इसमें बापू की कुटिया, पाथवे, ओपन जिम, सोलर लाइट लगाने व 100 से ज्यादा पौधों का रोपण करने के बाद गार्डन की जिम्मेदारी दी। इसके बाद लोगों ने पौधारोपण किया।*

### अधिकारी ने बनवा दिया क्रिकेट टर्फ

एनएचआई में अधिकारी श्री पांडेय ने 4 लाख रुपए खर्च कर युवाओं को क्रिकेट प्रैक्टिस की सुविधा देने के लिए दो टर्फ और एक सीमेंट विकेट बनवाया है। यहां पूर्व रणजी प्लेयर जितेंद्र वेगड़ 35 युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। क्रिकेट टर्फ बना तो गार्डन में टहलने आने वाले लोगों को बॉल लगने की स्थिति बनने लगी। युवाओं की प्रैक्टिस प्रभावित न होने पाए, इसलिए 6 हजार वर्गफीट एरिया में नेट लगवाया है। यह शहर का इकलौता गार्डन है, जिसका मेंटेनेंस डॉक्टर्स, इंजीनियर्स ही नहीं, बल्कि व्यापारी वर्ग के कुछ चुनिंदा लोगों के सहयोग से किया जाता है। क्रिकेट टर्फ का लाभ अमलीडीह, कचना, शंकर नगर, लालपुर, लभांडी के युवाओं को भी मिलता है।

